ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -11, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 347 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 जून 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

44 अधिकतम

31 न्यूनतम



Page- 7

### लोकसभा चुनाव के पहले एक्जिट पोल से खुश भाजपा को एक राज्य में सफलता

# अरुणाचल में भाजपा की प्रचंड जीत सिक्किम में सिफर

## कांग्रेस को दोनों राज्यों में बड़ा झटका

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों की मतगणना ने चौंकाने वाले परिणाम देना शुरू किये हैं। अरुणाचल में 50 और सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों पर हुई वोटिंग की मतगणना सुबह छह बजे से शुरू हुई है। अरुणाचल जहां भाजपा फिर प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है, यहां की 60 विधानसभा सीटों में से 10 पर पहले ही भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल कर चुके हैं। अब भाजपा46 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं सिक्किम में सिक्किम क्रांति मोर्चा के सामने कोई नहीं टिक पाया है। यहां भाजपा और कांग्रेस जीरो पर नजर आ रहे हैं। कांग्रेस सिर्फ 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सिक्किम में कुल 32 विधानसभा सीटों में से 30 पर स्यरूआगे चल रही है. वहीं एक सीट पर एसडीएफ ने बढ़त बना रखी है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, उनकी पत्नी कृष्णा कुमारी राय, पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग और पूर्व भारतीय फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया 146 उम्मीदवारों में प्रमुख उम्मीदवार हैं। एसकेएम और एसडीएफ ने सभी 32 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

इधर भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया इस बार चुनावी राजनीति में असफल हो गये हैं। भूटिया बरफंग सीट पर हार गए हैं।



### कौन हैं सिक्किम के तमांग

सिक्किम में एक बार फिर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सत्ता में वापसी होती नजर आ रही है। क्लीन स्वीप की ओर बढ़ते हुए एसकेएम की जीत का मतलब होगा कि सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अपने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए तैयार हैं। तमांग ने 2019 में 17 सीटें हासिल करके राज्य में 24 से अधिक साल तक सत्ता में रहने के बाद चामलिंग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। कभी चामलिंग की अगुवाई वाले एसडीएफ के संस्थापक सदस्य रहे तमांग ने तब मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत कर 2013 में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा बनाया था। उन्होंने एसडीएफ पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया था। 2016 में तमांग को 1994 और 1999 के बीच सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के लिए दोषी ठहराया गया था फिर विधानसभा में उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। सिक्किम हाई कोर्ट ने फैसले को बरकरार रखा जिसके कारण उन्हें समर्पण करना पड़ा।

### केजरीवाल को सबसे ज्यादा नुकसान, आज सरेंडर का दिन

इधर एक्जिट पोल के नतीजों में दिल्ली के सीएम व आप के संस्थापक अरविंज केजरीवाल मुश्किल में हैं। पोल ने उनके दावों को हवाहवाई लग रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर तिहाड़ जेल से बाहर आकर उनके चुनाव कैंपेन का कोई असर नहीं हुआ है, तो दोबारा जेल चले जाने भी लगता नहीं दिल्लीवालों को कोई खास फर्क पड़ने वाला है.। दिल्ली की हार तो पूरे इंडिया ब्लॉक के खाते में जाएगी, लेकिन राहुल गांधी को लगे झटके से तुलना करें तो केजरीवाल की हार ज्यादा बड़ी लगती है। वे आज तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करेंगे। वे रविवार दोपहर तिहाड़ जेल पहुंचेंगे। वे 21 दिन की जमानत पर थे। आज रविवार को एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मैं 21 दिन चुनाव प्रचार के लिए बाहर आया. माननीय दोपहर 3 बजे घर से निकलूंगा। पहले राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दूंगा फिर हनुमान का आशीर्वाद लेने कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर जाऊंगा। आप खुश रहेंगे तो जेल में आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।



## पांच राज्यों की *पलटी* से इंडिया सकते में, राहुल ने बुलाई बैठक

एग्जिट पोल के अनुमानों में भाजपा को प्रचंड बहुमत देखा जा रहा है इसकी वजह पोच राज्यों में उसका चौंकाने वाला प्रदर्शन है। यह हैं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र। इन राज्यों के अनुमानों में बीजेपी को बंपर बहुमत दिख रहा है। अब तक क्षेत्रीय दल हावी देखे जाते थे। इस बार पांचों राज्यों में पलटीमार नतीजे आने की संभावना है। अगर ये अनुमान सही साबित हुए तो इंडिया ब्लॉक की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा और बड़ी हार का सामना करना होगा।





इधर राहुल गांधी चार जून की मतगणना से पहले आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी उम्मीदवारों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। यह बैठक वर्चुअल तरीके से हो रही है। बैठक के बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे दोपहर में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ ही रणनीतिक बैठक करेंगे। इसमें कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, सचिन पायलट और अन्य नेता शामिल रहेंगे। कल भी खरगे के निवास पर विपक्षी गठबंधन की भी बैठक हुई थी। एक्जिट पोल में इंडिया को डेढ सौ के आसपास सीट ही मिल रही है।

# मोदी काम पर *लौटे* 7 विषयों पर बैठकें

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में ध्यान साधना से लौटने के बाद अब फिर काम शुरू कर रहे हैं। वे आज कई महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक ले रहे हैं। दरअल भीषण गर्मी में तापमान 50 के पार जा चुका है। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक्शन में हैं। वे गर्मी से निपटने को लेकर की जा रही तैयारियों पर आज समीक्षा बैठक करेंगे। खबरों की मानें तो वह आज विभिन्न विषयों पर सात बैठकें करेंगे। चक्रवात के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए पहली बैठक होगी। फिर देश में हीटवेव की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक करेंगे। वह बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए एक बैठक करेंगे। इसके बाद वह 100 दिवसीय कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबा मंथन सत्र आयोजित करेंगे।



# दो ट्रेनें भिड़ीं , बोगियां एक दूसरे पर चढ़ीं



**फतेहगढ़ साहिब एजेंसी**


आज सुबह यहां बड़ा रेल हादसा हुआ है। सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर माधोपुर चौकी नजदीक तड़के करीब 3.30 पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। एक मालगाड़ी का इंजपलट गया और पैसेंजर गाड़ी भी चपेट में आई। हादसे में दो लोको पायलट घायल हो गए। इनकी पहचान सहारनपुर यूपी के विकास कुमार ( 37 ) और हिमांशु कुमार ( 31 ) के तौर पर हुई है। इन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया। जानकारी के अनुसार यहां पहले से कोयले से लोड दो गाड़ियां खड़ी थीं। एक मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया और फिर इंजन पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर गाड़ी समर स्पेशल में फंस गया। हादसे में मालगाड़ी की बोगियां भी एक दूसरे पर चढ़ गईं। जैसे ही पैसेंजर गाड़ी की टक्कर हुई तो इसमें सवार सैकड़ों यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

## 6 दिन पहले बंगाल पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली ।** भीषण गर्मी के दौर में मानसून की चाल पर सभी की निगाह है। अब खबर है कि यह तय समय से छह दिन पहले उत्तरी पश्चिम बंगाल पहुंच गया है।जबकि आईएमडी ने इसके छह जून तक राज्य में प्रवेश करने की संभावना जताई थी। इधर मप्र में आज जबलपुर व भोपाल संभाग में आंधी चलने की संभावना है। जबकि ग्वालियर व निवाडी समेत 14 जिलों में लू का अलर्ट भी है। वहीं, उत्तर भारत सहित देश के विभिन्न हिस्सों और पहाड़ों में जारी भीषण लू व गर्मी के बीच दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली और बादल छा गए। मौसम में इस बदलाव से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने उत्तर भारत सहित देश के अन्य भागों में अगले दो दिनों में भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख और गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद में कई स्थानों पर अगले पांच दिनों में गरज के साथ हल्की बारिश होगी और तेज हवाएं चलेंगी।

## केदारनाथ में प्रबंधन का नया प्लान

**रुद्रप्रयाग ।** जून महीने में केदारनाथ यात्रा में आस्था का सैलाब फिर से उमडने् की संभावना को देखते हुए मंदिर समिति ने अपनी कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया है। ताजा प्लान के मुताबिक एक घंटे में 1800 से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही बाबा केदार के भक्त अपने अराध्य के श्रृंगार दर्शन रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे। 10 मई को शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस माह के 22 दिनों में रिकार्ड 5,88,790 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जबकि वर्ष 2022 में मई के 31 दिनों में धाम में 5,54,671 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वहीं, स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश और सरकार द्वारा ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होने के बाद से आगामी सप्ताह से केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़ बढने् की उम्मीद है।



**मेट्रो एंकर** दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रेगिस्तान की बदली सूरत

# इंजीनियरिंग का कमाल, रेगिस्तान में दौड़ा दी रेल

**बीजिंग, एजेंसी।**

इंजीनियरिंग के चमत्कार भारत समेत दुनिया के कई देश में देखने को मिलते हैं। अब चीन स्थित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शिफ्टिंग-रेत रेगिस्तान तक्लामाकन में नया नजारा दिख रहा है। यहां 120 किमी प्रतिं घंटे की रफ्तार ट्रेन दौड़ रही है। इसमें बैठकर यात्रियों को खिड़की से रेत सिर्फ विशाल टीले नजर आते हैं। जो निया खंडहर, प्राचीन शहर एंडिल और दूसरे सांस्कृतिक स्थल मार्ग के किनारे खड़े हैं। चीन के हॉटन से रुओकियांग तक बनी 825 किमी लंबी ये रेल लाइन रेगिस्तान में है। दो साल पहले जून, 2022 में इसको शुरू किया गया था। ये रेलवे लाइन नई लाइन गोलमुड-कोरला और दक्षिणी झिंजियांग रेल लाइनों से जोड़ते हुए दुनिया की पहली रेगिस्तानी रेल लूप लाइन बनाती है। यह राष्ट्र स्तरीय सिंगल-ट्रैक रेलवे है। इससे तारिम बेसिन के दक्षिणी में छ्यिएमो, मिनफेंग समेत 5 जिलों और शिनजियांग प्रोडक्शन एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्प्स के तीन समूहों तक रेल पहुंची है। बताया जाता है कि रेल नेटवर्क से जुड़ने से पहले इस क्षेत्र में दूर तक रेगिस्तान होने की वजह से कई स्थान रेलवे नेटवर्क से जुड़े हुए नहीं थे। लोगों को अगर शिनजियांग से बाहर जाना होता था तो उन्हें पर्वत पार करना पड़ता था। कपास और खजूर जैसी उच्च गुणवत्ता वाली चीजें खराब परिवहन के चलते बाजार तक नहीं पहुंच पाती थीं।



### पानी, बिजली, मोबाइल नेटवर्क नहीं

खबरों के मुताबिक इस रेल लाइन के निर्माण के दौरान कामगारों ने रेत के टीलों, रेतीले तूफान, अत्यधिक गर्मी और जमा देने वाले तापमान का सामना करते हुए 460 किलोमीटर निर्जन क्षेत्रों को पार किया, जहां पानी, बिजली और सेलफोन सिग्नल नहीं है। कामगारों के तीन साल की अथक मेहनत ने इस असाधारण इंजीनियरिंग उपलब्धि को जमीन पर उतारा है। ये रेलवे लाइन इंजीनियरिंग का शानदार नमूना तो है ही लेकिन इसका महत्व इससे कहीं अधिक है। ये रेलवे लाइन आर्थिक तौर पर भी बहुत फायदेमंद साबित हुई है।



## गुरु शिक्षण कैंप परीक्षा



पिपलानी गुरुद्वारे में गुरु शिक्षण कैंप में भाग लेने के लिए बच्चे आज परीक्षा होते हुए।

## गर्मी से लोग परेशान



मौसम से बदलाव के कारण शनिवार को राजधानी में बूंदाबादी के चलते बढ़ी उमस ने लोगों को गर्मी से परेशान किया।

### हजारों यात्री हुए परेशान

# चार महीने में 2330 लोगों ने रोकी चलती ट्रेन की रफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**रेलवे की सख्ती के बावजूद चलती ट्रेनों को रोकने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। भोपाल, जबलपुर व कोटा रेल मंडल में ऐसे 2330 लोगों की पहचान हुई है, जिन्होंने चैन पुलिंग की। इन लोगों ये चैन पुलिंग उन स्थानों पर की जहां ये उतरना चाहते थे और वहां स्टेशन नहीं थे। इसकी वजह से संबंधित ट्रेनों में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को परेशान होना पड़ा था।**



### भोपाल रेल मंडल में 813 लोगों ने रोकी रफ्तार

जबलपुर मण्डल रेल मंडल में आरपीएफ द्वारा जनवरी से अप्रैल 2024 तक 1152 लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर रेल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। जबकि भोपाल दूसरे नंबर पर रहा। यहां 813 और कोटा रेल मंडल में 365 लोग मिले। रेलवे के अधिकारी भी मानते हैं कि चैन पुलिंग की घटना से यात्रियों एवं परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### चार महीने में मिले ट्रेन रोकने वाले 2330 लोग

आरपीएफ ने 01 जनवरी से 30 अप्रैल 2024 तक पमरे के प्रमुख स्टेशनों पर कार्यवाही की। इस दौरान विशेष अभियान के तहत चैकिंग की। इस तरह अलार्म चैन पुलिंग चैकिंग में 2330 व्यक्तियों/रेल यात्रियों को अवैध रूप से चैन पुलिंग करते हुए पकड़ा गया। इनके विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत प्रकरण दर्ज कर, उन्हें रेलवे न्यायालय में पेश कर कानूनी कार्यवाही की गई।

## 15 जुलाई से होंगी सीबीएसई की पूरक परीक्षाएं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षाएं 15 जुलाई से शुरू होंगी, जबकि कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाएं 15 जुलाई को एक ही दिन में आयोजित की जाएंगी। केवल वे छात्र जिनका नाम ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जमा किया गया है, उन्हें सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। जो छात्र 10वीं के दो विषयों और 12वीं के एक विषय में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं, वे भी अपना नाम भेज सकते हैं। ऐसे छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं।

# शहर के चौराहों पर 22 बच्चे भीख मांगते मिले , कलेक्टर को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बाल भिक्षावृत्ति को लेकर अभियान चलाने के दौरान प्रशासन को शहर के चौराहों पर करीब 22 से ज्यादा बच्चे भीख मांगते हुए मिले हैं। इन बच्चों में एक बेसहारा और विकलांग बालिका भी शामिल है। मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ऐसे बच्चों की देखभाल, सुरक्षा तथा संरक्षण के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**सीसी रोड़ पर अवैध कब्जा:** भोपाल शहर के रोहित नगर के फोरलेन सीसी रोड़ पर अवैध कब्जा होने का मामला सामने आया है। बावड़िया कलां और रोहित नगर के बीच कुछ रेस्टोरेंट एवं रिजॉर्ट संचालकों ने इस सड़क पर अवैध कब्जा कर पार्किग बना ली है। रोड़ पर हो रहे अवैध कब्जे और पार्किंग से वाहन चालकों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने आयुक्त, नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने भोपाल जिले के गांधी नगर में रहने वाली एक किशोरी के साथ उसके चचरे भाई द्वारा दुराचार करने की घटना और इंद्रपुरी क्षेत्र के रहवासियों को प्याऊ, सुलभ शौचालय, सरकारी अस्पताल के अभाव से जूझने और क्षेत्र के रोड़ पर सीवेज का दूषित पानी जमा होने के मामले में संज्ञान लिया है।

## एम्स ने पीएचडी प्रोग्राम का कार्यक्रम जारी किया, 21 को परीक्षा



**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने पीएचडी प्रोग्राम का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दो घंटे की अवधि की यह परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑफलाइन ऑब्जेक्टिव टाइप और इंटरव्यू पर आधारित होगी। इंटरव्यू की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। यह लिखित परीक्षा के दो-तीन दिन के भीतर हो सकती है। पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा का समय दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रहेगा। रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 2 बजे रहेगा। परीक्षां सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन, मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग में आयोजित की जाएगी। इसमें लिखित परीक्षा 80 नंबर और इंटरव्यू 20 नंबर का होगा। इस तरह से यह परीक्षा 100 अंकों की होगी।

# प्राकृतिक चिकित्सा का 10 दिवसीय आवासीय शिविर शुरू

### साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला' में दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी।

शिविर के पहले दिन प्रातः 07 बजे से शिविर में आए शिविरार्थियों का पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं इसके पश्चात् शिविर का शुभारंभ व्याख्यान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने दिया।

टेवानी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना संभव है। शिविर के माध्यम सेअपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखते है।



शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' रखा गया है।

दस दिवसीय रोग निवारण शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा कई अलग-अलग विषयों पर प्रातः कालीन एवं सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान होगा।

# सराफा कारोबारी को लूटने की कोशिश बदमाशों ने घायल किया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार रात संतनगर के सोना कारोबारी के साथ लूट करने की कोशिश की गई। मामला कोहेफिजा थाना क्षेत्र लालघाटी के पास का है। व्यापारी को घायल अवस्था में राजधानी के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां सर्जरी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बैरागढ़ के सोने के व्यापारी जितेंद्र वलेचा शुक्रवार रात 9.45 बजे भोपाल से दुकान बंद कर आ रहे थे। लालघाटी के पास बदमाशों ने लूट की कोशिश की। व्यापारी पर तलवार से वार किया गया, जैसे-तैसे वह खुद के बचाने में सफल रहा। लेकिन, उसके कंधे में और हाथ-पैर में गंभीर चोट आई। तत्काल व्यापारी को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को ऑपरेशन हुआ है।

### सीएम से मिलेंगे व्यापारी

घटना की सूचना मिलने पर भाजपा नेता दादलानी पहुंच गए थे, उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी है। दादलानी को कहना है पुलिस ने दो दिन अपराधियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है। लूट की कोशिश और घायल करने की घटना से व्यापारियों में गुस्सा है। कोहेफिजा, बैरागढ़ में हो रहीं अपराधिक घटनाओं को लेकर व्यापारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात करेंगे।

### व्यापारियों में गुस्सा, दो दिन का दिया अल्टीमेटम सीएम से मिलेंगे



## लक्ष्मण दास सभनानी के नेत्रों का दान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



संत हिरदाराम नगर निवासी 65 वर्षीय श्री लक्ष्मण दास का सभनानी देहावसान शनिवार एक जून 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र नितेश ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2114 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

**मेट्रो एंकर** — 250 बच्चों ने सीखा विभिन्न विधाओं का हुनर

# एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के बाल मेले का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एलवीएस एजुकेशनल सोसाइटी के विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैम्प 2024 बाल मेले का एलवीएस स्कूल के सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती, गुरूनानकदेव जी एवं स्वामी जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के डारेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी का शाला सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समर कैम्प मे शामिल लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। हीरो भाऊ ने कहा कि गांधीनगर में विद्यालय को खोलने का श्रेय रमेश हिंगोरानी को जाता है नही तो लोग यहां से किसी समय पलायन कर रहे थे। इस कार्य में योगेश हिंगोरानी इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं।





उन्होंने बताया कि सिद्ध भाऊ जी का कहना है कि सेवा वहीं की जाए जहां उसकी जरूरत ज्यादा हो और लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय में गांव से बच्चे आते हैं और यहां की पढ़ाई गुणवत्ता के हिसाब से उच्च स्तरीय है जिससे यहां उम्मीद से ज्यादा रिजल्ट देखा गया है। यहां के शिक्षक भी बेमिसाल हैं यह चीज मैंनें स्वयं अनुभव की है।शाला सचिव रमेश हिंगोरानी ने कहा कि समर कैंम्प में बच्चे जो भी सीखे हैं उसे लगातार अपने जीवन शैली में उतारें और पालकों का विश्वास विद्यालय पर कायम रहे हम गुणवत्तायुक्त शिक्षा देते रहें ऐसा हमारा प्रयास रहेगा।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण लिए बच्चों ने एक माह में जो सीखा उसकी प्रस्तुति रंगारंग कार्यक्रम द्वारा दी। अतिथिगणों ने समस्त प्रशिक्षकों को बाल मेले के सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जाग्रति वंजानी एवं वर्षा वाधवानी एवं आभार जयश्री ममतानी ने किया।

### घर पर पढ़ाई के साथ स्क्रीन समय को बैलेंस करने की छात्र की क्षमता भी शामिल

# विद्यार्थी कर सकेंगे अपना मूल्यांकन स्कूलों में मिलेगा समग्र प्रगति कार्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों और अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है। शैक्षणिक प्रदर्शन, शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक-भावनात्मक कौशल और समग्र रूप से छात्रों के विकास को ट्रैक करने और बढ़ावा देनने के लिए अब स्कूलों में समग्र प्रगति कार्ड लागू किया जाएगा। जिसमें माता-पिता, सहपाठियों और यहां तक कि छात्र खुद भी अपनी पूरी प्रोग्रेस का स्व-मूल्यांकन कर सकेंगे। इसमें सिर्फ बच्चे की पढ़ाई के साथ-साथ अलग-अलग कौशल और दक्षताओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। समग्र प्रगति कार्ड परीक्षा स्कोर, प्रोजेक्ट अंक, अनुशासन, उपस्थिति और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों पर भी विचार करेगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के एक निर्देश से प्रेरित होकर, यह कदम अब माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अपनाया जा रहा है, जिससे उसके छात्रों को समग्र प्रगति कार्ड से लाभ मिल सकेगा। माता-पिता की भी इसमें बराबर की भागीदारी होगी। इसमें माता-पिता के इनपुट जैसे होमवर्क करने की क्षमता, कक्षा में पाठों का पालन करना और यहां तक कि घर पर पढ़ाई के साथ स्क्रीन समय को बैलेंस करने की छात्र की क्षमता भी शामिल होगी।

#### एनसीईआरटी ने तैयार किया



दरअसल, एनसीईआरटी के तहत एक मानक-निर्धारण निकाय है जिसने फाउंडेशन स्टेज (कक्षा 1 और 2), प्रिपरेटरी स्टेज (कक्षा 3 से 5) और मिडिल स्टेज (कक्षा 6 से 8) के लिए समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है और वर्तमान में सेकेंडरी स्टेज के लिए रिपोर्ट कार्ड विकसित करने पर काम कर रहा है। एनसीईआरटी ने सभी राज्यों से या तो इसको पूरी तरह से या अपनी जरूरतों के हिसाब से ढालकर इसे अपनाने के लिए कहा है। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि प्रगति कार्ड विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन करेंगे और व्यापक मूल्यांकन प्रदान करेंगे।

#### मूल्यांकन कार्ड अलग-अलग होगा

पढ़ाई की हर एक स्टेज पर छात्रों के लिए मूल्यांकन कार्ड अलग-अलग होगा। इसके जरिए छात्रों के पूरे व्यक्तित्व पर काम किया जा सकता है। हर एक छात्र किसी भी एक्टिविटी के बाद खुद अपनी प्रोग्रेस को चेक कर सकते हैं। छात्र प्रोग्रेस कार्ड में ये भी बता सकते हैं कि उनकी अलग-अलग फील्ड के टीचर्स से क्या अपेक्षाएं हैं और कहां आपको उनकी जरूरत है। इस स्टेज के लिए एचपीसी में एक एम्बिशन कार्ड भी शामिल है जहां एक छात्र बता सकता है कि उसे एक साल में क्या अचीव कर सकता है और उन क्षेत्रों का उल्लेख कर सकता है जहां उसे सुधार करना होगा।

### एग्जिट पोल के नतीजों से गदगद नेता

## भाजपा का दावा- छिंदवाड़ा भी जीतेंगे, जनता कहेगी, एक थी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मप्र में भाजपा नेता मतगणना के पहले आए एक्जिट पोल के नतीजों पर गदगद हैं। मप्र भाजपा के मानना है कि वह अब तक अजेय रही छिंदवाडा लोकसभा सीट भी जीतने जा रही है। भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा की सफलता का श्रेयदिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा अभियान चला था फिर एक बार मोदी सरकार, लिहाजा लोकसभा चुनाव के जो रुझान आए, वो अपने आप में अत्यंत आनंददायी है। यद्यपि एक बार चुनाव परिणाम आने के बाद जो आनंद आता है, उसकी अलग बात रहती है। यादव ने कहा कि रुझान में मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटें आ रही हैं। साथ ही देशभर में एनडीए की सीतें 370 से ऊपर जा रही हैं। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव मे आए एग्जिट पोल पर कहा कि 4 जून के चुनाव परिणाम की झलक आज के एग्जिट पोल में दिख रही है, लेकिन नतीजे एक्जिट पोल से भी बेहतर आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यों के आधार पर हमें पूरा भरोसा है कि भाजपा प्रदेश की 29 सीटों पर प्रचंड विजय हासिल करेंगे। मप्र भाजपा इस चुनाव में 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने के लक्ष्य को भी पूरा करने जा रही है। अब 4 जून के बाद जनता कहेगी - एक थी कांग्रेस। इस बार छिंदवाड़ा से नकुल और कमलनाथ की विदाई भी तय है।

### बीआर शंकरानंद बोले...

## युवाओं को गांव जाना चाहिए, इससे वे समस्याओं को समझ सकेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**'सशक्त सांस्कृतिक एवं विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर' विषय पर हुई कार्यशाला**

**भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री ने किया संबोधित**

युवाओं को गांव जाना चाहिए। इससे वे भारत को, यहां की समस्याओं को समझ सकेंगे और समाधान भी खोज पाएंगे। यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने शनिवार को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठि में कही। यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को भी इसे अपने पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। यह कार्यशाला सशक्त सांस्कृतिक एवं विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर विषय पर आयोजित की गई थी। शंकरानंद ने कहा कि सुख का मार्ग मत अपनाइए। वही व्यक्ति श्रेष्ठ बनता है जो कठिन मार्ग पर चलकर चुनौतियों का सामना करता है। लक्ष्य तय करना श्रेष्ठ बनने का पहला लक्षण है। युवाओं को प्रतिदिन करने के लिए डू द बेस्ट, बीट द बेस्ट और डू द नेक्स्ट का सूत्र देते हुए आह्वान किया कि भारत को 2047 से पहले विकसित बनाने के संकल्प को पूरा करना चाहिए।विकसित बनाने के लिए ज्ञानशक्ति, अर्थशक्ति और सैन्य शक्ति चाहिए। हम सभी को 1922 से 1947 तक का इतिहास अवश्य पढ़ना चाहिए क्योंकि यह स्वाधीनता संग्राम का इतिहास है। यह हमें इतिहास में की गई गलतियों से बचाने और नया भविष्य गढ़ने में सहायक होगा क्योंकि इतिहास को भूल जाने वाले भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते। उन्होंने पूर्व राष्ट्पति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रसंग का उल्लेख किया जिसमें कलाम ने कहा था कि भारत के रूपांतरण के लिए आध्यात्मिकता आवश्यक है। विज्ञान के साथ अध्यात्म न होने से निर्मित होने वाला तंत्र विनाश की ओर ले जाता है। यही कारण है कि दो विश्वयुद्ध हुए हैं।

संगोष्ठी में एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ. टीजी सीताराम, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, आईई (आई) के सचिव डॉ मुकेश मिश्रा, आईईएस विश्वविद्यालय के संस्थापक चांसलर इंजी बीएस यादव, भारतीय शिक्षण मंडल के मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र थापक एवं प्रांत मंत्री शिव कुमार शर्मा मौजूद थे।

## एमबीबीएस डॉक्टरों को राहत: पांच की जगह दो साल की नौकरी पूरी कर जा सकेंगे आगे की पढ़ाई करने

### इधर सीधी भर्ती से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों की बढ़ी मुश्किलें, करनी होगी इमरजेंसी ड्यूटी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्वास्थ्य विभाग ने दो बड़े निर्णय लिए हैं। पहला- दो साल की नौकरी पूरी करने वाले एमबीबीएस डॉक्टर उच्च शिक्षा के लिए जा सकेंगे। दूसरा- अब सीधी भर्ती से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों को भी इमरजेंसी ड्यूटी करनी होगी। पहला निर्णय जहां डॉक्टरों को खुश करने वाला है तो दूसरा निर्णय मुश्किल बढ़ाने वाला है। आने वाले समय में इसका दोनों तरह का असर देखने को मिलेगा।

#### पहला निर्णय– 5 साल की बजाए 2 साल की नौकरी पूरी कर पढ़ाई के लिए जा सकेंगे

अब दो वर्ष की सेवा अर्थात परिवीक्षा अवधि पूरी करने के बाद ही स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के डॉक्टर एमडी-एमएस (पीजी) या सुपरस्पेशियलिटी (डीएम या एमसीएच) की पढ़ाई के लिए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पुरानी गाइडलाइन के अनुसार 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर पीजी व आगे की पढ़ाई की अनुमति थी, जिसे विभाग ने घटाकर 2 वर्ष किया है। हालांकि विभाग ने पढ़ाई पूरी करने के बाद 5 वर्ष की सरकारी सेवा करने का नियम बरकरार रखा है। साथ ही बीच में नौकरी छोड़ने वालों से 50 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान भी दोहराया है। स्थ्य संचालनालय द्वारा उक्त गाइडलाइन 31 मई को जारी की है। कुछ डॉक्टरों की मांग थी कि पांच वर्ष के पहले अध्ययन अवकाश की अनुमति नहीं मिल पाने के कारण डॉक्टर आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

#### दूसरा निर्णय – विशेषज्ञ डॉक्टरों को भी करनी होगी इमरजेंसी ड्यूटी

अभी तक सीधी भर्ती से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों को इमरजेंसी ड्यूटी से छूट थी लेकिन डॉक्टरों की कमी को देखते हुए विभाग ने निर्णय लिया है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों को भी इमरजेंसी ड्यूटी करनी होगी। यह ड्यूटी तभी लगाई जाएगी, जब अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी होगी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 31 मई को अस्पतालों में पंजीयन, उपचार, जांच को लेकर नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देशों के अनुसार ओपीडी का समय पुराना ही रहेगा, लेकिन उसके शुरू होने से 15 मिनट पहले पर्चे बनाने के लिए काउंटर खोलने होंगे। शाम को भी मरीजों के सैंपल लेकर जांच करनी होगी। साथ ही मरीजों की जरुरतों और संख्या को देखते हुए मेडिकल ऑफिसर, सीधी भर्ती से आए विशेषज्ञ, पदोन्नति से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं ली जाएंगी।

## 21 जून से आयोजित होंगी 9वीं और 11वीं पूरक परीक्षाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों की कक्षा 9वीं और 11वीं पूरक परीक्षाएं प्रत्येक जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में 21 जून से आयोजित की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। भोपाल जिले में नौवीं व 11वीं में 1324 विद्यार्थी पूरक परीक्षा में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 11वीं की पूरक के सभी विषयों की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह आठ से 11 बजे तक रहेगा। वहीं, नौवीं की परीक्षा 22 जून से शुरू होगी। 22 जून को पहला पेपर हिंदी का रहेगा। 24 जून को अंग्रेजी, 25 जून को उर्दू, 26 जून को सामाजिक विज्ञान, 27 जून को एनएसक्यूएफ के समस्त विषय, 28 जून को संस्कृत, 29 जून को विज्ञान, एक जुलाई को गणित व दो जुलाई को मराठी, मूक बधिर व दृष्टिहीन विद्यार्थियों के पेपर होंगे। नौवीं की परीक्षा का समय सुबह आठ से 11 बजे तक रहेगा।

## स्कूलों में नेशनल-इंटरनेशनल प्रतिभाओं की होगी खोज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की प्रतिभाओं की खोज की जाएगी। इसके लिए स्कूल और जिला स्तर पर कार्यक्रम होना है। चुने गए बच्चों को विभाग ट्रेनिंग की सुविधा मुहैया कराएगा। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत काम शुरू किया गया है। बच्चों के बीच से बेहतर खिलाड़ी और प्रतिभा तलाशने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग स्पोर्ट्स टेलेंट सर्च के तहत काम कर रहा है। तीन जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत काम शुरू किया गया है। इनमें राजधानी से लगे सीहोर और रायसेन के अलावा खरगोन को शामिल किया है। योजना के तहत स्कूलों में उन बच्चों की पहचान की जा रही है जो खेलों में रूचि रखते हैं। करीब दस खेलों में इनका चयन होना है। इन बच्चों को विशेष ट्रेनिंग देने की योजना है।

**मेट्रो एंकर**

### प्रशिक्षण में स्रोत शिक्षक के रूप में प्राचार्य और शिक्षक सहभागी रहे

## पीएमश्री योजना के तहत पीएस ने लिया फीडबैक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पीएमश्री योजना अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं मप्र लोक शिक्षण संचालनालय स्रोत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्रोत शिक्षक के रूप में लगभग 100 प्राचार्य व शिक्षक सहभागी रहे। प्रशिक्षण के समापन सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने सहभागियों का मार्गदर्शन किया और उनसे पूर्ण समर्पण तथा कर्मठता के साथ विद्यार्थी हित में कार्य की अपेक्षा की।



शमी ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहते हैं। शिक्षक अपने सेवाकाल मे अनेक पीढ़ियों के निर्माण करते हैं तो इस लिहाज से, शिक्षक प्रशिक्षक पीढ़ियों के निर्माता हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऐसे स्रोत शिक्षक तैयार करना है जो अपने जिले के अन्य पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यो एवं शिक्षकों को योजना के लक्षित बिंदुओं की प्राप्ति के लिये प्रशिक्षित करेंगे। समापन सत्र में प्रमुख सचिव शमी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का फीडबैक भी लिया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण को बहुत ही सार्थक बताया, साथ ही यह विश्वास दिलाया कि वे सभी अपने अपने जिले के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण में प्राप्त भावनाओं और कार्य नीतियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

#### इन विषयों पर मिली ट्रेनिंग

प्रशिक्षण में पीएम श्री योजना के उद्देश्यों से अवगत कराने के अतिरिक्त ग्रीन एवं क्लीन विद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड, स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट, मेंटल हेल्थ और वेल बीइंग, एक्शन प्लान, मॉनिटरिंग, पीअर लर्निंग,जो कैपेसिटी बिल्डिंग, इनोवेशन इन स्कूल, सेल्फ डिफेंस, वोकेशनल एजुकेशन, डिजिटल लिटरेसी विषयों को केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण एनसीईआरटी, नीपा, एक्सप्रेशन इंडिया, लैंड ए हैंड, मुक्का मार, माइक्रोसॉफ्ट, शिक्षा लोकल, पीपल आदि संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रदान किया गया।



# छोटी नदियों को जिंदा रखने की मुहिम, समुदाय के बिना संभव नहीं कायाकल्प



■ सुरेश भाई

छोटी नदियों के संगम से बनी गंगा 2,550 किलोमीटर, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भारत में क्रमशः 916 और 1,114 किलोमीटर लंबी हैं। लगभग सभी बड़ी नदियों के उद्गम ग्लेशियरों से हैं। इनके बहाव क्षेत्र में जंगल, तराई, मैदान और बीहड़ क्षेत्रों से छोटी-छोटी नदियां बड़ी नदियों में मिल रही हैं। भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है। यमुना सबसे बड़ी सहायक नदी है। यमुना में भी टौंस, हिंडन, चंबल, बेतवा आदि मिलती हैं। छोटी नदियां बड़ी नदियों के प्रवाह बढ़ाने के साथ उन्हें भूजल पुनर्भरण में सक्षम बनाती हैं। मिट्टी की नमी बनाए रखती और जैव विविधता में सुधार करती हैं। सूखे और बाढ़ का सामना करने में मदद करती हैं, लेकिन सूख रही छोटी नदियों का कायाकल्प समुदाय के बिना संभव नहीं है। इन सहायक और छोटी नदियों में निरंतर घटती जल राशि चिंता का विषय है।

ग्लेशियरों के सूखने से हिमपोषित नदियां भी सूख रही हैं। भीषण गर्मी से बुंदेलखंड की कई नदियां सूख गई हैं। गंगा-यमुना की छोटी नदियां और जल स्रोत सूख गए हैं। हर वर्ष हिमालय से लेकर मैदानों तक भारी जल सैलाब से अपार जन-धन की हानि हो रही है। बारिश के पानी को रोकने की पारंपरिक शैली को आधुनिक विकास ने रौंद डाला है, जहां तालाब, जोहड़ जैसी जल संरचनाएं होती थीं। अब उन स्थानों पर बहुमंजिला इमारतें बन गई हैं। खनन, सीमेंटेड संरचनाओं ने पूरे जल क्षेत्र की जलवायु पर विपरीत असर डाला है। भूजल बहुत नीचे चला गया है। इन चुनौतियों के बावजूद आज भी भारत के गांवों में लोग अपने पारंपरिक प्रबंधन से जल की व्यवस्था करते हैं, जिससे विवेकपूर्ण जल उपयोग को बढ़ावा मिलता है।

सक्रिय समाजसेवियों, पर्यावरणविदों और पानीदार समाज ने मिलकर ऐसे उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं कि सूखी छोटी नदियां फिर से बहने लगी हैं। अलवर में तरुण भारत संघ ने सूखी नदियों को जिंदा कर दिया है। लोग वहां नदियों के पुनर्जीवन के सामाजिक और पर्यावरणीय तरीके सीख रहे हैं। बुंदेलखंड में परमार्थ समाजसेवी संस्थान ने छोटी नदियों के पुनर्जीवन के लिए जोरदार अभियान चला रखा है। उन्होंने अब तक विलुप्त होती बछेड़ी, कनेरा, बारगी, खूडर, घुरारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय राज-समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं।

मध्य प्रदेश के खजुराहो में हाल ही में जल जन जोड़ो अभियान और परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा आयोजित एक संवाद में 15 राज्यों से 50 नदी प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि 51 नदियों के पुनर्जीवन हेतु यात्रा का आयोजन होगा। जलपुरुष राजेंद्र सिंह की अगुवाई में देश भर से आए जल विशेषज्ञों ने मांग की है कि केंद्र सरकार नदियों के लिए एक स्पष्ट नदी नीति बनाए। नदियों के लिए काम करने वाले लोग मानते हैं कि छोटी नदियों का समुदाय की खाद्य सुरक्षा, उनका सम्मानजनक जीवन और उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही बड़ी नदियों के प्रवाह को बढ़ाना, भूजल का पुनर्भरण, जमीन की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने में भी ये मददगार होती हैं। जलवायु परिवर्तन का सीधा संबंध छोटी नदियों से है। यदि हम छोटी नदियों को जीवित कर लेंगे, तो जलवायु परिवर्तन का खतरा कम हो जाएगा। इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए निकाली जाने वाली यात्राओं के पहले यह जरूरी है कि संबंधित नदी के बारे में सारे आंकड़े एकत्रित करने के बाद समुदाय के साथ मिलकर संवाद किया जाएगा। प्रो. विभूति राय कहते हैं कि यदि पारंपरिक जल सुरक्षा के उपायों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो मानव जीवन पर संकट बढ़ जाएगा। अगले 20 वर्षों में नदियां सूख जाएंगी। यदि छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना है, तो हर क्षेत्र की जलवायु के अनुसार अलग-अलग प्लान की आवश्यकता है। शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नदी ज्ञानतंत्र को शामिल किया जाए। डब्ल्यूएचएच भारत के प्रमुख राकेश कटल कहते हैं कि यह नदियों को बचाने की आपातकालीन स्थिति है। इसलिए देश भर में नदियों के पुनर्जीवन के लिए चिंतित समाज और पर्यावरणविद आगे आकर एक-एक नदी को पुनर्जीवित करने लिए कदम बढ़ा रहे हैं। – साभार

# जिंदगी के हर पहलू में बनाएं हेल्दी बाउंड्री

***हेल्दी लाइफ, अच्छे रिश्तों और कामयाबी के लिए जीवन के हर पहलू में बाउंड्री तय करना जरूरी है। मनोविज्ञानियों के मुताबिक, सीमा तय करने के लिए उन बातों की सूची बनाएं जो आपकी मानसिक-शारीरिक सेहत पर बुरा असर डाल रही हैं। यह ओवरवर्क, किसी रिश्तेदार-मित्र या विशेष फूड से हो सकता है...***

■ शिखरचंद जैन

घर की सुरक्षा ,दूसरों के घर से इसे अलग पहचान देने और इसकी सुंदरता के लिए हम अक्सर बाउंड्री वॉल बनाते हैं ठीक उसी प्रकार जिंदगी में भी अलग-अलग पहलुओं के लिए बाउंड्रीज तय करना जरूरी है। आपने गाहे-बगाहे अपने दोस्तों या परिजनों से बातचीत करते हुए अनायास ही किसी बात पर कहा भी होगा ,'किसी भी चीज की लिमिट क्रॉस नहीं होनी चाहिए। हर चीज का लिमिट में रहना जरूरी है।' इंग्लैंड की चर्चित लेखिका मेरिट्जा मनरेसा ने अपनी पुस्तक 'लर्निंग टू से नो व्हेन यू यूजुअली से यस' में लिखा है, 'अपनी जिंदगी की कहानी के लेखक आप खुद हैं। यह आपको तय करना होगा कि कब और किन चीजों के लिए हां करना है और कब ना। जब आप ऐसा करना सीख जाएंगे तो आपकी जिंदगी अपने आप स्ट्रेस से बहुत हद तक मुक्त हो जाएगी। इसके लिए आपको कुछ बाउंड्रीज तय करनी होंगी।'



सिडनी स्थित द रिजिलिएंस सेंटर में साइकोलॉजी, पर्सनल डेवलपमेंट और रिलेशनशिप की विशेषज्ञ ईदा सोगोमोनियन कहती हैं, 'पर्सनल बाउंड्री वे नियम या गाइडलाइन हैं जो आप खुद, अपनी बेहतरी के लिए तय करते हैं। ये सीमाएं आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि ,व्यक्तिगत नजरिये, पूर्व अनुभव और समाज से सीखे सबक पर आधारित होती हैं। हेल्दी लाइफ, गुड रिलेशनशिप और सक्सेस के लिए बाउंड्री तय करना और उसका पालन करना बेहद जरूरी है। जो व्यक्ति अपनी सीमाएं तय नहीं करता या नहीं जानता, उसे असफलता, अस्वस्थ जीवन और संबंधों में कड़वाहट जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।' इंग्लैंड के ब्रिस्टल स्थित मनोविज्ञानी जेन कोलिंगवुड बता रही हैं कि आप अपनी बाउंड्री कैसे तय करें। इसके लिए सबसे पहले तो कागज पर उन बातों को लिखें जो आपकी मानसिक व शारीरिक सेहत पर बुरा असर डाल रही हैं। यह ओवरवर्क,कुछ खास रिश्तेदारों ,किसी मित्र या विशेष फूड से हो सकता है। इस सिलसिले में पहला बिंदु तो यह कि किन चीजों के कारण आपका वक्त बर्बाद हो रहा है। दूसरी बात इससे संबंधित है कि कौन सी चीजें आपको सफल होने से रोक रही हैं। इसके अलावा कागज पर लिखें, पांच ऐसी चीजें जो आप चाहती हैं कि आपके प्रियजन आपको न करने दें। इसके अलावा लिस्ट में डालें पांच ऐसी चीजें जो आपको अपने आसपास होती दिखती हैं तो आप असहज हो जाती हैं। इसके साथ ही सूची का हिस्सा बनाएं 5 पांच ऐसे लोगों को जो आपको बात-बात पर टोकते या हतोत्साहित करते हों।

## अपनी रेंज को समझने के क्षेत्र

नीदरलैंड्स में एंटीलोनलीलेंस की संस्थापक, काउंसलर व साइकोथैरेपिस्ट वासिया सारांटोपुलु ने जिंदगी के अलग-अलग पक्षों से जुड़ी बाउंड्री तय करने के संकेत दिये हैं। हम उन्हें कितना वक्त दे सकते हैं ताकि हमारी प्रोडक्टिविटी पर बुरा असर न पड़े। अपनी फीलिंग्स को किस हद तक उनके साथ शेयर कर सकते हैं। किसी दोस्त या रिश्तेदार से किन मुद्दों पर बातचीत सहज रहेगी,मसलन बच्चों के बारे में,राजनीति,कारोबार ,मौसम, निजी संबंध या प्राइवेट लाइफ। क्योंकि हर व्यक्ति सब तरह की बातें करने लायक नहीं होता।हमें अपने जॉब या कारोबार को कितना वक्त देना है। वीकेंड पर बॉस, कुलिग्स,क्लाइंट आदि के ईमेल, व्हाट्सएप मैसेज आदि का जवाब देने की क्या स्ट्रेटजी होगी। वहीं ऑफिस में अपनी घरेलू बातें या स्ट्रेस किसके साथ डिस्कस करेंगे या नहीं करेंगे। इसी तरह हफ्ते, पखवाड़े या महीने में कितने ब्रेक लेंगे- यह सब आपको पहले ही तय कर लेना चाहिए ।

## ऑनलाइन प्रेजेंस व सोशल मीडिया

फेसबुक ,ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आप कितना वक्त देंगे। वहीं किन वर्चुअल फ्रेंड्स के साथ परस्पर संवाद रखेंगे। यह भी कि उन्हें अपने बारे में कितना बताएंगे। तय करके रखें कि उनसे फोन पर बात करेंगे या नहीं। रात को सोने के पहले या सुबह उठते ही फेसबुक पर या व्हाट्सएप पर एक्टिव नहीं होंगे- यह सब तय करना बेहद जरूरी है। अपनी शारीरिक जरूरत और पोषण की आवश्यकता के मद्देनजर कौन से खाद्य पदार्थ या पदार्थों का सेवन करना है या किन से दूर रहना है ,सुबह कितनी देर एक्सरसाइज करनी है। यह भी कि इमोशनल सपोर्ट के लिए किन मित्रों-रिश्तेदारों की मदद लेंगे। यह भी तय कर लें कि खानपान की मात्रा डाइटीशियन या चिकित्सक से मिलकर तय करेंगे, ये सब बातें आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित होंगी।

## रिलेशनशिप में सुरक्षा का भी हक

साइकोथैरेपिस्ट और काउंसलर ट्रेसी हचिंसन का ऐसा मानना है कि किसी भी रिलेशनशिप में आपको सुरक्षा ,प्राइवेसी और व्यवहार की सीमाओं का अधिकार है। आपको अपनी बात सुनाने और समझाने का अधिकार है। कोई बात पसंद नहीं तो न करने का भी अधिकार है। यह अधिकार आप तभी हासिल कर सकती हैं जब आप हेल्दी बाउंड्री सेट करना सीख जाएंगी।

# हमने चारों तरफ खींच रखी है लक्ष्मण रेखा

■ समीर वर्मा

बात थोड़ा पहले की है जब बाज़ार में छोले भटूरे 4-5 रुपये के 2 होते थे। घर छोटे मगर दिल बड़े होते थे। ये Space/Privacy जैसे शब्दों के तो मतलब भी नहीं पता थे क्योंकि छतें पड़ोसियों से जुड़ी होती थी और टायलेट तक सांझा होते थे।दूर के रिश्तेदारों के नाम तक पड़ोसियों को रटे होते थे। डेढ़ दर्जन के परिवार का 3 कमरों में ठाठ से बसर होता था। किसी भी छुट्टियों में रिश्तेदारों का परिवार भी साथ होता था। काली दाल को घी में सूखे धनिए का छौंक लगा छक कर खाते थे। बच्चे छत को पानी से धोकर बिस्तर मिनटों में लगाते थे। रात को नींद आने तक दुनिया जहान की खूब बातें होती थी।फिर भी सूर्य उदय से पहले उठ भी जाते थे। पैसे कम पर खुशियां बहुत थी। फिल्मों के डायलॉग से शामें कटती थी। ईगो, अहम या नखरे कहां किसी में होते थे? VCR किराये पर लेकर रात भर दोस्तों के साथ मिल कर फिल्मे देखते थे, तेरा मेरा नहीं, सबकुछ हमारा कहलाता था। BBC News और बिनाका गीत माला सुनने वाले कुलीन और अभिजात्य माने जाते थे। रेडियो हाथ से दूर नहीं होता था। भाई की शादी में आया सामान, ननद की शादी में ही जाता था।शादी ब्याह अपने आप में त्योहार होते थे। बाहर से आए संबंधी पड़ोसियों के घर भी बहुत सहजता से सो लेते थे। मांगे हुए गद्दे, मटर छीलते परिवार, कढ़ाई में पकती सब्यिों और पनीर और आइसक्रीम पर नज़र रखे फूफा जी, वाह क्या नज़ारे होते थे। शादी ब्याह किसी एक घर होता था पर उत्साहित पूरे मुहल्ले के लोग होते थे।वर्तन, चारपाई, गद्दा, चादर और तकिया पूरे मुहल्ले से इकट्ठा साधिकार किया जाता था। कापी कलम और खड़िया लेकर उस समय के तथाकथित बुद्धिमान हम लोग निकल पड़ते थे चारपाई, चादर और तकिया इकट्ठा करने के लिए।

अतिथि आज की तरह तुरंत भागने के बजाय अपने परिवार के सदस्य हो जाते थे। उन दिनों क्या समरसता होती थी। घंटे भर की कुट्टी और मिनटों में दोस्त होते थे। बुआ

## बदल गई है दुनिया, पुराना रिश्ते व दौर अब सिर्फ ख्यालों में



मामा, चाचा और मौसी के बच्चे सब भाई बहन कहलाते थे, उनके आगे की रिश्तेदार भी पूरी डिटेल से गिनवाते थे। सब बड़े भाई बहनों के कपड़े बिना शर्म के पहनते थे। आज दौर बदल गया। छोले भटूरे खाने हल्दीराम जाने लगे हैं, पांच सौ का नोट बेफिक्र थमाने लगे हैं। मकान आलीशान बन रहे हैं फिर भी मन परेशान ही रहता है।कमरों से जुड़े टायलेट हैं फिर भी प्राइवेसी को रो रहे हैं। बच्चों से बड़ों तक को स्पेस चाहिए। आज की नई पीढ़ी न तो खाना और नाश्ता परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कर सकती है और न ही पूजा में बैठ सकती है। आज सबको अलग कमरा चाहिए।

**अब कौन गर्मी की छुट्टियां किसी के घर बिताता है?**

एक समय था जब होटल या रेस्ट हाउस में रूकने जैसा कोई चलन ही नहीं था। हम जब भी बाहर जाते थे तब किसी के घर ही रूकते थे।मै आज भी प्रयास करता हूँ कि कोई मुझसे मिलने आए तो मेरे घर ही रूके। मेरे कई रिश्तेदार , परिचित, गांव के लोग भी शहर आने पर सदैव मेरे घर रूके है अब अपने कहाँ Vacation पर हैं, Facebook बताता है। फिक्र और वजन बढ़ रहे हैं, आज पैसा और कैसे बढ़ाएं इसी फिक्र में सभी घुल रहे हैं। आज 56 भोग खाते हैं, फिर पचाने के लिए बेमन से Gym जाते हैं। घर, गाड़ी, बैंक में जमा धन, खुशियों के सामान सब हैं, खुशियाँ बांटने वाले नहीं हैं। मामा चाचा के बच्चे अब Cousins और उनके आगे के Distant Relatives हो गए हैं। Social Media पर कई बहनें और Bro ज़रूर हो गए हैं।अब लोग समय बिताने के लिए Mall जाते हैं और Mall में Shopping करने के लिए कपड़े खरीदते हैं।अब बच्चों को कोई Cousin कपड़े नहीं देता क्योंकि लेने वाले का ईगो और अहम् पीछा नहीं छोड़ता।अब शादियों में भी रिश्तेदार बस मुह दिखाने आते हैं। घर में नहीं उन्हें अब होटल में ठहराया जाता हैं।

सारे परिवार के लोग किसी समारोह से पहले अब मेकअप करवाकर, खुद मेहमानों की तरह जाते हैं। अब फूफा जी नहीं, बल्कि खाने का ज़िम्मा Caterer उठाते हैं। दिखावे की दुनिया में रिश्ते नाते छूट गए, मेरे बचपन के साथी कहाँ गुम गए? अगर ज़िन्दिगी से ब्लाक सभी रिश्ते अनब्लाक कर दें, तो खुशियों के पल मिल सकते हैं। हम बनावटी दुनिया मे बनावटी रिश्तों के बीच बनावटी जिन्दगी जी रहे है।पता नहीं क्यू अब पहले के रिश्तों के बीच जाकर भी वह पुराना उत्साह महसूस नहीं होता। सभी अपनी दिखावटी दुनिया में मस्त है। हमने अपने चारों ओर ऐसी लक्ष्मण रेखा खींच ली है कि हमको उससे बाहर निकलने का मन ही नहीं करता। बस यही आज का सच है, कल न जाने क्या होगा। 'अजब लोग जब दुनिया'

**फेसबुक वॉल से साभार**

### कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी निकले ग्रामों के भ्रमण पर, चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी

# ग्रामों में नल जल योजना, आंगनबाड़ी एवं पंचायत के कार्यों का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया , गांव वालों के बीच पहुंचकर चौपाल लगाई और उनकी समस्याएं सुनी और यथा संभव उसका वहीं पर निराकरण किया । सभी अधिकारियों ने ग्रामों में पेयजल की स्थिति , नल जल योजना , आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत के कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को यथा संभव निराकरण किया । इटारसी के एसडीएम टी प्रतिक राव ने डोलरिया तहसील के ग्राम धाबा खुर्द एवं ग्राम घुरगांडा का भ्रमण किया । दोनों गांव में शिविर लगाकर उन्होंने जन समस्याओं को जाना । ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एसडीएम को बताई, उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया । आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवन जाकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली ।

इसी क्रम में सिवनी मालवा की एसडीएम सरोज परिहार ने ग्राम पंचायत नाहर कोला खुर्द में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को रूबरू सुना । एसडीएम ने मौके पर ही पीएचई एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने यहां पर जगह-जगह अतिक्रमण होने की जानकारी दी, जिसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने अतिक्रमण स्थल का भ्रमण कर मौके पर ही जांच की और अपने प्रशासनिक अमले को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पंचायत एवं आंगनबाड़ी केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया । एसडीएम में ग्रामीण महिलाओं से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना ।

कार्यपालन यंत्री पीआईयू मयंक शुक्ला ने ग्राम अजेरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने ग्राम पंचायत में ग्रामीण को बुलाकर उनकी समस्याएं जानी एवं उनका निराकरण किया । गांव वालों ने यहां पर नल जल योजना , राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड , आयुष्मान कार्ड एवं अन्य की जानकारी दी।जिला आबकारी अधिकारी अरविंद



सागर ने केसला ब्लाक के ग्राम पंचायत मलोथर, कुकड़ी, महेंद्रवाडी, का भ्रमण किया.आंगनबाड़ी केन्?द्रो में जाकर आंगनबाड़ी केन्?द्रो की जांच की । पोषण आहार एवं मध्यान भोजन के संबंध में जानकारी ली। गांव में नल जल योजना सुचारू रूप से चल रही है कि नहीं इसकी जानकारी ली। सभी गांव में ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याओं को जाना । मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित विकास की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा कर उसका फीडबैक लिया। यथा संभव ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।जिला मत्स्य अधिकारी वीरेंद्र चौहान ने ग्राम पंचायत चौकी माफी एवं लिलाडिया का भ्रमण किया । शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ग्राम की स्थिति जानी। ग्रामीणो से भेंट कर गांव के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराया।

जिला प्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केंद्र कैलाश माल ने ग्राम पंचायत मरोड़ा का भ्रमण किया और ग्रामीणों से आमने-सामने चर्चा की । आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे हैं दोपहर के भोजन का अवलोकन किया। तहसीलदार नर्मदा पुरम शक्ति सिंह तोमर ने ग्राम पंचायत पान वरी का भ्रमण किया ।ग्राम में चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुना एवं आंगनबाड़ी , ग्राम पंचायत एवं जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पीएचई के सब इंजीनियर , सचिव , पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉक्टर संजय अग्रवाल ने ग्राम पंचायत पिपरिया खुर्द का भ्रमण किया। ग्राम में शिविर लगाकर ग्रामीणों से भेंट की, उनकी समस्याओं को जाना और यथा संभव निराकरण करने की बात कही । पिपरिया एसडीएम संतोष कुमार तिवारी ने ग्राम पंचायत खैरा में जनकल्याणकारी शिविर लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की । ग्रामीणों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया एवं मांग पत्र सौपा। एसडीएम ने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं एवं मांग पत्र का निराकरण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया ने ग्राम साधपुरा का भ्रमण कर चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया ।

# अवैध उत्खनन करने पर डम्पर एवं पोक्लेन मशीन जप्त की गई



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। 31 मई की रात्रि को ग्राम-डोंगरवाड़ा, तहसील-नर्मदापुरम में नर्मदा नदी के किनारे मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुये 01 डम्पर MP05G7014 एवं 01 पोकलेन मशीन को मौके से अवैध उत्खनन करते हुये जप्त किया गया। 31 मई को सिवनीमालवा तहसील में ग्राम-डेठी में तहसीलदार द्वारा 300 घ0मी0 रेत को अवैध रूप से भण्डारित किये जाने के कारण जप्त किया गया है। विगत 03 दिवस से जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनिज परिवहन / उत्खनन/भण्डारण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अभी तक कुल 20 वाहन जप्त किये जा चुके है। समस्त वाहनों के विरूद्ध मप्र खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाहियों में श्रीमती नीता कोरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , सुनील गढवाल तहसीलदार, शक्ति सिंह तोमर तहसीलदार ग्रामीण, अनिल पटेल तहसीलदार डोलरिया, देव शंकर धुर्वे तहसीलदार नर्मदापुरम शहरी, दिवेश मरकाम खनि अधिकारी, पिंकी चौहान खनिज निरीक्षक नर्मदापुरम, कृष्णकांत परस्ते प्रभारी खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, हेमन्त राज खनिज सिपाही तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज ( अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण ) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# नशा मुक्ति के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान, नशा न करने दिलाई शपथ



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता अभियान जो मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में दिनांक 1 जून को नशा मुक्ति हेतु महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि मैं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा मैं अपने साथी %परिवार के सदस्य और समाज के सज्जनों को भी इससे दूर रखूगा ताकि नशा मुक्त समाज के निर्माण का सच्चा सेवक बन सकूं।

मैं यह भी शपथ लेता हूं कि नशा करने वाले व्यक्तियों को नशा छोड़ने हेतु जागरूक करूंगा और मध्य प्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रहे नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का समर्थन करता हूं और नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने में मेरी क्षमता अनुसार सहयोग करने का भी संकल्प लेता हूं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के रघुवंशी ने बताया कि नशा एक ऐसा रोग है जो व्यक्ति उसके परिवार और समाज को नष्ट कर देता है जिससे परिवार को स्वास्थ्य की हानि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति को भी कमजोर बना देता है अतः हम समाज के युवाओं के संगठन को इस अभियान में जोड़कर समाज को नशा मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे हम सब एक स्वस्थ और उन्नत सील समाज को बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर एस के अग्रवाल के द्वारा समाज में फैली इस भयानक बीमारी को दूर करने हेतु हमें एकजुट होकर समाज को जागरूक करना होगा इसके लिए हमें आज से ही इस अभियान को आगे बढ़ाना है हम प्रत्येक विद्यार्थी स्टाफ एवं नागरिक यह संकल्प लें कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास यदि कोई नशा करते व्यक्ति पाया जाता है तो उसे नशा करने से रोकना होगा इस प्रकार एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा

इस अवसर पर लगभग 75 विद्यार्थियों ने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर इस अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर ए के यादव डॉक्टर कल्पना स्थापक डॉ सुनील सोनी डॉ जय कैथवास डॉ अनुराग पाठक डॉक्टर योगेश खंडेलवाल डॉ आरती परिहार विजय श्री मालवी कैलाश गढ़वाल नवनीत सोनारे गीता डोंगरे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नपा महिला कर्मचारी ने सीएमओ पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

लगातार सीएमओ की कार्य शैली को लेकर सिवनी मालवा नगर पालिका हमेशा अखबारों की सुर्खियों में रहा है। अब एक नया मामला सामने आया है नगर पालिका की महिला कर्मचारी गायत्री गौर ने सीएमओ शीतल भलावी और अन्य महिला कर्मचारियों पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। गायत्री गौर ने जिला अधिकारियों को अपनी शिकायत में बताया की गुरुवार शाम को नगर पालिका के सामने मे बेहोश हो गई थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गायत्री गौर ने आरोप लगाया कि सीएमओ शीतल भलावी उन्हें बेवजह लगातार प्रताड़ित कर रही हैं। यही नहीं उन्होंने नगर पालिका की तीन दैनिक वेतन भोगी महिला कर्मचारियों पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पूरे मामले में सीएमओ शीतल भलावी ने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि गायत्री गौर के आरोप पूरी तरह गलत हैं। शीतल भलावी ने बताया कि 27 तारीख को तीन महिला कर्मचारियों ने आवेदन दिया था । जिसमें बताया गया था कि 23 तारीख को उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई थी। जबकि सीएमओ ने किसी को अनुपस्थिति दर्ज करने के लिए नहीं कहा था। शीतल भलावी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में गायत्री गौर गलत तरीके से रजिस्टर ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिख रही हैं। पूछताछ करने पर गायत्री ने कहा कि वह अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए रजिस्टर ले गई थीं लेकिन उस रजिस्टर में उनका नाम नहीं मिला। जब गायत्री से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने उलटे आरोप लगा दिए। सीएमओ ने यह भी कहा कि गायत्री गौर अभी तक नगर पालिका नहीं आई हैं। पूरे मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी कर्मचारियों ने लगाया था सीएमओ पर प्रताड़ना का आरोप

सिवनी मालवा नगर पालिका सीएमओं शीतल भलावी का अभी तक का कार्यकाल विवादित ही रहा हैं। सीएमओं के ऊपर पूर्व में नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों ने भी प्रताड़ित करने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा चुके हैं। इतना ही नही नपाध्यक्ष, पार्षद और नपा कर्मचारियों ने कुछ माह पूर्व जिला कलेक्टर से सीएमओ शीतल भलावी के अभद्र व्यवहार की शिकायत की थी। जिसके बाद कलेक्टर ने उन्हें नर्मदापुरम अटैच कर दिया था। कलेक्टर के आदेश को चुनौती देते हुए उन्होंने फिर से सिवनी मालवा का चार्ज वापस ले लिया था।

### इनका कहना है

*गायत्री गौर का सीएमओ का मामला अखबारों के माध्यम से पता चला है सिवनी मालवा एसडीएम को मेरे द्वारा पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए*

***रितेश कुमार जैन,** नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा*

# कर्मकांडी ब्राह्मणों का किया गया सम्मान



**इटारसी।** ग्राम रामपुर के राधा कृष्ण मंदिर में कर्मकांडी ब्राह्मण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों कर्मकांडी ब्राह्मणों का फूल माला, अंगवस्त्र, श्रीफल एवं दक्षिणा देकर, पैर धुलाकर सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित आशुतोष शरण तिवारी, अजय शुक्ला, राजेश तिवारी, संदेश पुरोहित, आरके मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मकांडी ब्राह्मणों के शास्त्र ज्ञान एवं उनके सदचरित्र का उल्लेख करते हुए धन्यवाद अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन आशुतोष शरण तिवारी ने किया।

# पॉलिथीन मुक्त अभियानः 1900 रुपए का जुर्माना एवं 23 किलो पॉलिथीन जप्त की



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में पॉलिथीन जप्ती अभियान जलागा गया, इसके अंतर्गत सतरास्ता बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में 23 किलो पॉलिथीन जप्त कर दुकानदारों पर 1900 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। दल द्वारा सतरास्ता से होते हुए बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन तक सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन प्रतिबंध हेतु सभी व्यापारियों को जागरूक किया एवं अपने परिसर के आसपास होने वाली गंदगी एवं पन्नी पॉलीथिन उपयोग नही करने हेतु समझाईश दी गई।

नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम की गठित टीम में बृजेश सारवान, रवि सूर्यवंशी, विशाल शर्मा, सतीश यादव, गगन सोनी, शेख सिकंदर एवं संयुक्त दल के द्वारा मुख्य बाजार में जप्ती जुर्माना की कार्यवाही की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले द्वारा सभी व्यापारी बंधुओ से निवेदन किया गया कि वे अपने आसपास के परिसर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु डस्टबिन का उपयोग करें। परिसर से निकलने वाले कचरे को स्वच्छता वाहन में हीं डाले। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी द्वारा बताया गया कि वर्षाकाल को देखते हुए सभी नाले की सफाई कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। सभी व्यापारी बंधुओ से निवेदन किया गया कि वे अपने परिसर का कचरा नाले नाली एवं रोड पर ना डालें।

**मेट्रो एंकर**

### इटारसी जंक्शन को मिली बड़ी सौगात

# लोको पायलट कैटेगरी का जोनल ट्रेनिंग सेंटर मंजूर, अब ट्रेनिंग करने आएंगे ट्रेन ड्राइवर




**इटारसी , पुनीत मालवीय।**

भारतीय रेल में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले इटारसी शहर को अब रेलवे में एक नई पहचान और मिल गई है। रेलवे ने इटारसी जंक्शन के महत्व को देखते हुए यहां पर ट्रेन ड्राइवर यानी लोको पायलट-असिस्टेंट लोको पायलट का जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्वीकृत कर दिया है। इसकी प्राथमिक चरण की ट्रेनिंग भी यहां शुरू हो गई है। जंक्शन के खाते में अब तक विद्युत लोको शेड, डीजल लोको शेड सहित कुछ अन्य उपक्रम गिने जाते हैं। अब इस जोनल लेवल के ट्रेनिंग सेंटर के खुलने से रेलवे में इटारसी जंक्शन का कद और महत्व और बढ़ेगा।

### सिम्यूलेटर बना बड़ी वजह

इटारसी में कुछ साल पहले करीब 5 करोड़ की लागत से सिम्यूलेटर बनाया गया है। इस में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई थीं जिन पर ट्रेन ड्राइवर ट्रेनिंग कर रहे हैं। इटारसी में जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर का दर्जा स्वीकृत कराने में इस सीमूलेटर की उपलब्धता ने बड़ी भूमिका अदा की है। इसके होने से रेलवे को अलग से कोई बड़ी रकम खर्च नहीं करना पड़ी। इस सेंटर को ही जेडआरटीआई का दर्जा दे दिया गया है। इसके लिए यहां पर एक हॉस्टल भी बनाया जा रहा है जिसमें 28 कमरे रहेंगे। इसकी बिजली फिटिंग का काम भी तेजी से चल रहा है।

### एक बार में 50 की ट्रेनिंग

इटारसी में जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बनने से एक बार में 50 लोको पायलट-असिस्टेंट लोको पायलट की ट्रेनिंग की सुविधा मिल गई है। पूरे जबलपुर जोन के अलग-अलग शहरों से लोको पायलट यहां ट्रेनिंग करने आएंगे। बाहर के लोगों के यहां ट्रेनिंग के लिए आने से शहर के बाजार को भी उसका लाभ मिलेगा। एलपी और एएलपी को जोनल रेलवे ट्रेनिंग सेंटर खुलने से इस कैटेगिरी में भर्ती हुए फ्रेशर्स को बड़ा लाभ होगा। इटारसी जंक्शन होने से उन्हें यहां से आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। ट्रेन ड्राइवरों को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उन्हें अब ट्रेनिंग के लिए भुसावल जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

### इनका कहना है

*इटारसी में लोको पायलट-असिस्टेंट लोको पायलट के लिए जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्वीकृत हो गया है। अभी प्राथमिक चरण की ट्रेनिंग भी चालू हो गई है। यह इटारसी के लिए बड़ी सौगात है।*

***संजय कैचे,** मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य डब्ल्यूसीआरएमएस*

# सेवानिवृत्ति पर कर्मचारी संघ ने किया सूबेदार का सम्मान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नगरपालिका के पीडब्ल्यूडी विभाग नेहरू पार्क में दैनिक वेतनभोगी से विनियमितकरण यानि स्थाई कर्मी के रूप में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी सूबेदार ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण चालीस वर्ष देकर अपनी सेवाएं दी हैं परंतु नगरपालिका के द्वारा उनको माह मई के मासिक वेतन का भुगतान, एनपीएस राशि का भुगतान, उपादान राशि का भुगतान, सरकार अंशदान राशि का भुगतान कुछ भी नहीं दिया गया बस स्थापना शाखा के द्वारा एक कागज पकड़ा दिया गया कि आज आपको सेवानिवृत्त किया जाता है नगरपालिका कि सीएमओ, अध्यक्ष, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना शाखा या अन्य किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने यह उचित नहीं समझा कि सेवानिवृत्त सूबेदार को हार फूल पहनाकर उनको ढांढस बंधाते और उनका स्वागत करते।

कर्मचारी के सेवा निवृत होने पर नगर पालिका द्वारा भले ही उनका सम्मान नहीं किया गया लेकिन मजदूर संघ ने अपने दायित्व का निर्वाहन करके उनका स्वागत सत्कार करते उनके निवास तक विदाई दी. नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया नगरपालिका की एनपीएस शाखा सहायक राजस्व निरीक्षक कर्मचारी के हवाले हैं राजस्व वसूली के कारण वह अपने कर्तव्य का निर्वाहन ठीक से नहीं कर पा रहे हैं पिछले कई वर्षो से बाबू विहीन इस शाखा में सेवानिवृत्त पर देयक एनपीएस फंड का भुगतान प्राप्त नहीं हो पाता है छै माह पूर्व स्थानांतरण से संबंधित दस्तावेज देने के बाद कर्मचारी के पक्ष में मासिक वेतन, एनपीएस, उपादान राशि, सरकार अंशदान राशि का भुगतान नहीं किया गया उसके लिए नगरपालिका कि स्थापना शाखा, एनपीएस शाखा, लेखा शाखा जिम्मेदार हैं ट्रिपल इंजन कि सरकार वाली नगरपालिका में सेवानिवृत्त पर आर्थिक शोषण के साथ विदाई दी जा रही है इसके लिए नजदीकी से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि भी आर्थिक शोषण के लिए भागी हैं

# हज यात्रा पर मक्का मदीना जाने के लिए हुए रवाना



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट जुनैद खान अपनी पत्नी के साथ हज की पवित्र यात्रा पर मक्का मदीना जाने के लिए रवाना हुए इस्लाम धर्म में हज यात्रा बहुत ही पवित्र यात्रा मानी जाती है हर मुसलमान की ये तमन्ना होती हे की वो हज पर जाए इस दौरान हाजियों को लगभग चालीस दिन मक्का मदीना में रुकना होता है इस बार मुंबई ओर भोपाल मै हवाई जहाज के किराए में लगभग सत्तर हजार का अंतर होने के कारण मध्यप्रदेश से जानें वाले अधिकतर हाजियों ने उड़ान के लिए मुंबई को चुना है हाजियों उड़ान से दो दिन पहले मुंबई हज हाउस पहुंचना होता है जुनेद खान ने बताया की उनकी फ्लाइट मुंबई से 5 जून को हे इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान, केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन, कांग्रेस पार्टी के सिरोंज से विधानसभा प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी, आसिफ भाई बाबुल खेड़ी, रामबाबू शर्मा, पत्रकार अल्ताफ खान, सलमान खान, सईद खान, एडवोकेट सचिन शर्मा, एडवोकेट आशीष भिरबू, सूरज जैन सहित समाज के लोग जुनेद खान से मिलने आए और उनसे हमारे देश में अमन शांति और तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की।

# नवनियुक्त 73 प्रशिक्षु पटवारियों ने जाना आनंद और सही समझ का महत्व

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) एवं राजस्व विभाग, विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में, राजस्व विभाग के जिला स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान में, नवनियुक्त 73 प्रशिक्षु पटवारियों हेतु अल्पविराम परिचय सत्र का आयोजन विदिशा के आनंदकों द्वारा किया गया।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित नवनियुक्त पटवारियों हेतु अल्पविराम परिचय सत्र में पहुंचकर नव नियुक्त प्रशिक्षु पटवारियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी पटवारी को उनके द्वारा इस क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देकर शुभकामनाएं दी हैं।कलेक्टरने प्रशिक्षु पटवारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके द्वारा राजस्व से संबंधित सभी कार्यों का संपादन ठीक तरह से संपादित कर इस क्षेत्र में ख्याति अर्जित करें। आपकी कार्यशैली के लिए आप जिले में जाने जाएं इस तरह से कार्यों को संपादन करें। आम जनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। आम जनों से अधिक तरह से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रशिक्षु पटवारी अपने जीवन मे सही समझ व आनंद के साथ अपने कार्य क्षेत्र एवं व्यक्तिगत जीवन को कैसे जीना है, इसकी प्रक्रिया को विभिन्न टूल्स के माध्यम से समझा। कार्यक्रम में मौन के महत्व को बताया गया तथा मौन को जीवन मे लाने हेतु अभ्यास की निरंतरता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निकिता तिवारी, एसएलआर श्रीमती कृष्णा रावत मौजूद रहे।

# मलेरिया निरोधक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मलेरिया निरोधक माह अंतर्गत आज शनिवार को पुरानी जिला चिकित्सालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर मलेरिया रोग की भयाभयता एवं रोग से बचाव के बिंदुओं पर चर्चा कर मलेरिया रोग के लक्षण, कारक, बचाव से सुसज्जित प्रचार सामग्री के साथ मलेरिया निरोधक रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले में भ्रमण कर मलेरिया रोग के फैलने के कारण, मलेरिया रोग के लक्षण, इससे बचने हेतु स्वास्थ्य शिक्षा देकर जनसमुदाय में जनजागृति का कार्य करेगा। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. समीर किरार, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ टीकाराम, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुनीत माहेश्वरी, स्वास्थ्य विभाग, मलेरिया कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।मलेरिया निरोधक माह का कार्यक्रम आज सभी विकासखंडों में भी खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया है।

### पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर शासकीय अस्पताल में रक्तदान शिविर

# अधिकारी, कर्मचारियों के साथ बालिकाओं ने भी किया रक्तदान



200 यूनिट रक्तदन किया गया







**सिरोंज, दोपहर मेट्रो। शनिवार को पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर राजीव गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदान करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही युवक युवतियों ने भी रक्तदान किया वहीं रक्तदान करने वाले सभी लोगों का क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने सम्मान भी किया और कहा कि लक्ष्मीकांत शर्मा से प्रेम रखने वाली बालिकाएं भी उत्साह के साथ रक्तदान करने के लिए आए हैं यह हमारे लिए गौरव की बात है । रक्तदान शिविर का आयोजनस्व.लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास के तत्वाधान मे किया। पूर्व मंत्री से प्रेम के चलते लोग हाई टेंपरेचर में भी उत्साह के साथ रक्तदान करने के लिए पहुंचे यहां तो ब्लड बैंक नहीं है इसीलिए जिले से आई ब्लड बैंक यूनिट में जमा किया जा रहा था। इसका उपयोग जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा क्योंकि ब्लड के अभाव में कई बार आदमी की मौत हो जाती है इसलिए यह सबसे ज्यादा पुण्य का काम किया गया है ।**

## रक्तदान का शुभारंभ

स्वर्गीय पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत आरंभ किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ आम लोग और प्रस्थानिक अधिकारी कर्मचारियों के अलावा पुलिसकर्मियों ने भी रक्तदान किया न्यास के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने समाजसेवियों ओर प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान कर किया। वहीं उन्होंने कहा कि स्व. लक्ष्मीकांत जी शर्मा ने हमेशा पीड़ित मानवता की सेवा करने का प्रयास किया है। उनके जाने के बाद हम सभी उनके सद्प्रयासों को स्मृति में बनाये रखने के लिए प्रयास कर रहे है। आज लक्ष्मीकांत जी की पुण्यतिथि पर भजन संध्या कार्यक्रम करके हजारों लोगों को एकत्रित किया जा सकता था लेकिन सेवा कार्य के माध्यम से न्यास ने रक्तदान करवाने का निर्णय लिया है। हमारे जिले के जरूरतमंद गंभीर रोगों के मरीजो के लिए रक्त की आवश्यकता है और वर्तमान में ब्लड बैंक में रक्त की बहुत कमी है जिसको देखते हुए न्यास ने इस बार जननेता लक्ष्मीकांत जी की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। स्थानीय राजीव गाँधी चिकित्सालय में यह रक्तदान शिविर दोपहर बारह बजे से प्रारम्भ होकर देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान न्यास द्वारा रक्तदान करने वालों के लिए न्यास ने एनर्जीदायक जूस एवं फल के वितरण की व्यवस्था की गई थी।

## आधिकारियों ने किया रक्तदान

विधायक शर्मा ने किया सम्मान - सुबह से ही अस्पताल परिसर में रक्तदान के लिए उमड़ने लगे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी रक्तदान करने में पीछे नही रहे। एसडीएम हर्षल चौधरी,एसडीओपी उमेश तिवारी टीआई संदीप पवार,सीएमओ पवन शर्मा ने भी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ रक्तदान किया। इसके अलावा सिरोंज लटेरी आनंदपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिको ने भी रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत विधायक एवं न्यास के संरक्षक उमाकान्त शर्मा ने केसरिया पटका माला पहनकर एवं प्रमाणपत्र देकर रक्तदाताओं का सम्मान किया। युवाओं के साथ युवतियों ने भी किया रक्तदान - शनिवार को रक्तदान करने के लिए 18 से 45 साल के युवाओं का जमावड़ा उमड़ा इसके अलावा युवतियों ओर महिलाएँ भी रक्तदान करने के लिए उमड़ी। वार्ड दो की पार्षद रीना शर्मा ने अपने पति और भाजपा नेता सचिन शर्मा के साथ पहुँचकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल दौ सौ नागरिको ने रक्तदान किया जिसमें करीब एक दर्जन से अधिक महिलाएँ शामिल रहीं। न्यास ने रक्तदान के पश्चात आराम करने के लिए भी व्यवस्था बनाई थी। इस दौरान अनेक सामाजिक संगठनों के युवाओं ने भी सामूहिक रूप से रक्तदान किया।

## रक्तदान से नहीं होती कमजोरी, शरीर की स्वस्थता के लिए आवश्यक रक्तदान

जिला ब्लड बैंक यूनिट के प्रभारी डॉ धर्मेंद्र रघुवंशी ने रक्तदान के महत्व को बताया की खून देने से कमजोरी नही आती है 24 घंटे में लेबल बराबर हो जाता है। एक महीने में नई स्फूर्ति शरीर मे महसूस होने लगती है इनके अलाबा शरीर मे जो चर्बी की मात्रा बढ़ जाती है। रक्तदान करने से वह कम हो जाती है। हर तीन माह में स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने के बाद ब्लड बैंक में छह प्रकार की जांचे भी की जाती है अगर उनमें कोई खराबी निकलती है तो उसके उपचार के लिए ब्लड बैंक से इलाज के लिए भी मदद की जाती है। डॉ रघुवंशी ने बताया कि जिले में अभी एक दिन के केम्प में 174 यूनिट का रिकार्ड बना हुआ था जो कि आज सिरोंज के रक्तदान शिविर में टूट गया है। यह रिकॉर्ड अब सिरोंज में दौ सौ यूनिट से अधिक हो गया है।

# प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को सात-सात साल की सुनाई सजा, अर्थदंड

**सिरोंज।** अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को दोषी सिद्ध होने पर 7-7 साल की सजा और अर्थ से दंडित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जगथर थाना दीपना खेड़ा में पुरानी रंजिश पर से प्राण घातक हमला करने वाले 10 आरोपियों को 7 -7 वर्ष के सश्रम कारावास एंव पैंतालीस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित करके 10 आरोपियों को उपजेल लटेरी भेजा गया है। मनीष वर्मा ने बताया कि 26 सितंबर 2019 को फरियादी धर्मेंद्र मंदिर से अपने घर जा रहा था उसके चाचा कलेक्टर सिंह चबूतरे पर बैठा था धर्मेंद्र और कलेक्टर सिंह आपस में बातें कर रहे थे। इतने में पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम जगथर के भोगीराम बघेल ,रामबाबू दांगी, रघुवीर दांगी, मोहन दांगी, रामकरण, मुकेश पाल, नीरज सिंह ,काशीराम, गंभीर सिंह, पहलाद सिंह, ने एक राय होकर डंडे कुल्हाड़ी परसा से ग्राम जगथर धर्मेंद्र कलेक्टर सिंह को अश्लील गालियां देने लगे गालियां देने से मना किया तो सभी इनकी मारपीट करने लगे दोनों जान बचाकर दिनेश दांगी के घर में घुस गए इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर धर्मेंद्र कलेक्टर सिंह की मारपीट की उन्हें बचाने आए दिनेश की पत्नी राजकुमारी एवं उसके लड़का निखिल को भी आरोपियों ने मारा सभी घायल हुए लोग को राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय सिरोंज में इलाज करने के लिए भर्ती कराया गया।

# आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन 15 जून तक किया स्थगित

**सिरोंज।** जिले में जारी प्रचण्ड गर्मी एवं लू के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने विदिशा जिले की आंगनबाडी केन्द्रो का 15 जून तक संचालन स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया है।

उक्त अवधि में हितग्राहियों को टेक होम राशन प्रदाय कराने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाएगी। वहीं आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका केन्द्र में उपस्थित रहकर अन्य नियमित कार्य तथा रिकार्ड संधारण एवं गृह भेंट इत्यादि कार्यो का पूर्वानुसार संपादन करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला भरत सिंह राजपूत ने सभी परियोजना अधिकारियो को जारी आदेश का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रसारित किए है। सभी आंगनबाडी केन्द्र संचालन करने वालो से आदेश के परिपालन में उल्लेखित बिन्दु के तहत उन्हें संचालन स्थगित अवधि 15 जून तक पात्रता अनुसार नाश्ता एवं गरम पका भोजन उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में हितग्राहियों को टेक होम राशन का वितरण अनिवार्य रूप से क्रियान्वित किया जाए।

**मेट्रो एंकर**

### पत्रकारवार्ता का आयोजन, मतगणना प्रबंधों से मीडियाकर्मी अवगत हुए

# कलेक्टर से संवाद कर जिज्ञासाओं का समाधान किया



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में चार जून मंगलवार को प्रातः आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना स्थल पर किए गए प्रबंधों तथा तैयारियों से आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया है। कलेक्टर ने बताया कि डाकमत पत्रों का गणना कार्य संबंधित आरो हेडक्वार्टर पर किया जाएगा। ईव्हीएम मशीनो के मतो की गणना कार्य मंगलवार की प्रातः आठ बजे से शुरू होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान मतगणना के संबंध में किए गए प्रबंधो की सामान्य जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में मतगणना हेतु पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

कलेक्टर ने जिले में जारी ग्रीष्मकाल के दौरान मतगणना स्थलों पर किए जाने वाले प्रबंधो के साथ-साथ मीडियाकर्मियों के लिए तैयार किए गए मीडिया कक्ष में होने वाली व्यवस्थाओं पर बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मियों के लिए पूर्व मतगणनाओं के दौरान किए गए प्रबंधो का क्रियान्वयन किया जाएगा साथ ही साथ ग्रीष्मकाल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का भी विशेष तौर पर क्रियान्वयन किया जाएगा। मीडिया बंधुओं को अवगत कराया कि मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में मीडिया सेंटर बनाया गया है यहां पर टीव्ही, इंटरनेट कनेक्शन समेत तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ताकि मीडिया बंधु सुगमता से मीडिया सेंटर में बैठ कर कव्हरेज कर सकें इसके साथ ही मतगणना की अपडेट जानकारी मीडिया बंधुओं को मीडिया सेंटर में ही उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री वैद्य ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आयोग के मापदंडों से मीडिया बंधुओं को अवगत कराया गया कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस, मोबाइल लेपटॉप मीडिया सेंटर तक लाने की अनुमति रहेगी। पत्रकारों को 5-5 के ग्रुप में मतगणना स्थल कक्षों का भ्रमण कराया जाएगा। जहां वे गणना कक्ष के दरवाजे के निकट (यलो लाईन) से ही कव्हरेज कर सकेंगे। गणना टेबल के निकट जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल में किसी भी अभ्यर्थी या अभिकर्ताओं से बाईट लेने का प्रयास ना किया जाए उक्त कार्य प्रतिबंधित है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि मतगणना परिणामों की चक्रवार जानकारी मीडिया सेंटर में ही उपलब्ध कराई जाएगी। मीडिया सेंटर के निकट ही उदघोषणा कक्ष बनाया गया है जहां से चक्रवार परिणाम एनाउंस भी किए जाएंगे। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ रखें। ईव्हीएम मशीन अथवा डाक मतपत्रों को छूने का प्रयास न करें। मतगणना की गोपनीयता बनाए रखें। मीडिया सेंटर में ही रहें, अपना क्रम आने पर सक्षम अधिकारी के साथ ही गणना कक्षों में प्रवेश किया जाएं।

मतगणना कक्षों में मीडिया बंधु अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस न ले जाएं। ईव्हीएम मशीन एवं डाक मतपत्र को स्पर्श करने का प्रयास ना करें। मतगणना की गोपनीयता भंग न करें। अधिकारिक रिकार्डिंग के लिए अधिकारिक वीडियो कैमरे को छोड़कर किसी भी स्टिल या वीडियो कैमरे को अन्दर जाने की अनुमति नहीं रहेगी। सीयू, व्हीव्हैपेट या मतपत्र पर दर्ज किए गये मतदान की तस्वीर नहीं खींची जानी चाहिए। मतगणना कक्षों में आरओ एवं एआरओ का निर्णय सर्वमान्य होगा। मीडिया पर्सन एवं कैमरे गणना हाल में अधिकृत कैमरा या वीडियो कैमरा से भिन्न कैमरों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मीडियाकर्मियों को हाथ कैमरा (बिना स्टेण्ड के )गणना हाल में ले जाने की अनुमति होगी। ऑडियो विजुअल कव्हरेज के दौरान कैमरा किसी मशीन पर फोकस नहीं किया जायेगा। मीडिया पर्सन को मैनेजेबल बैचेस में एस्कार्ट ऑफिसर द्वारा भ्रमण करवाया जाएगा। आरओ गणना हाल में वह स्थान चन्हित करेंगे जहां मीडियाकर्मी भ्रमण कर सकेंगे।

## कैलकुलेटर और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंध

पत्रकार वार्ता के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए कलेक्टर ने बताया कि मतगणना स्थल पर 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, तम्बाकू, ज्वलनशील पदार्थ या अन्यइलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अभ्यर्थी या गणना एजेंट भी मतगणना स्थल पर 100 मीटर की परिधि में पूर्व उल्लेखित निर्देशन का पालन करना अनिवार्य होगा।

## मतगणना स्थल तक आने जाने के लिए मीडिया हेतु वाहन की सुविधा


कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने मतगणना तिथि चार जून को मतगणना स्थल शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी तक मीडियाकर्मियों के लिए आने जाने हेतु वाहनो की सुविधाएं उपलब्ध कराई है।

## परिचय पत्रों का कलर

कलेक्टर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि ईव्हीएम हेतु हरेक विधानसभा के लिए एक-एक आरो, एआरओ नियुक्त किए गए है। विधानसभावार नियुक्त होने वाले मतगणना दलो के लिए निर्धारित कलर के परिचय पत्र आवंटित किए जाएंगे ताकि निर्धारित रंग से विधानसभा क्षेत्र की मतगणना पहचान हो सकें इसके लिए विधानसभावार निर्धारित कलर तदानुसार विदिशा के लिए लाईट ब्लू, बासौदा हेतु येलो, कुरवाई के लिए पिंक, सिरोंज के लिए ऑलिव ग्रीन व शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के गणना दल को ब्राउन कलर के परिचय पत्र प्रदाय किए जाएंगे।

Life&Style

# जन्नत से कम नहीं मालदीव फैमिली के साथ बिताएं पल



*आपके फेवरेट सितारे जहां घूमने जाते हैं, वहां जाने की तमन्ना आपके मन में ही होगी. आइए आपको ऐसे एक ठिकाने के बारे में बताते हैं, जहां सिड-कियारा हनीमून पर गए थे.*

***खाने-पीने का ऐसा रहेगा हिसाब:*** *मालदीव में खाना-पीना थोड़ा महंगा है, जिसके चलते एक शख्स को दिनभर के दौरान खाने-पीने में करीब 6 हजार रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं. ऐसे में 5 दिन के लिए 3 लोगों के खाने-पीने का खर्च करीब 50 से 60 हजार हो सकता है. होटल में खाना महंगा है, लेकिन बाहर का खाना थोड़ा सस्ता रहेगा.*

**मालदीव जाने में कितने रुपये होंगे खर्च?** अगर आप अकेले मालदीव जाने का प्लान बना रहे हैं तो दिल्ली से माले एयरपोर्ट की फ्लाइट ले सकते हैं. अगर आप फ्लाइट कुछ वक्त पहले बुक कराते हैं तो इसकी कीमत 11 हजार से 17 हजार के बीच हो सकती है. हालांकि, बेंगलुरु से फ्लाइट बुक करने पर थोड़ी बचत हो सकती है. यहां आपको 9 से 14 हजार के बीच फ्लाइट बुक हो सकती है. अगर आप फैमिली ट्रिप का प्लान बना रहे हैं तो तीन लोगों की फ्लाइट का आने-जाने का खर्च करीब 72 हजार रुपये हो सकता है. गौर करने वाली बात यह है कि फ्लाइट का किराया डिमांड के हिसाब से बढ़ या घट भी सकता है.

**होटल में कितने रुपये होंगे खर्च?** कम खर्च में मालदीव में रुकना करना चाहते हैं तो होम स्टे का रुख कर सकते हैं. तीन लोगों के लिए एक रात रुकने का खर्च 6 से 7 हजार रुपये तक हो सकता है. अगर आप मालदीव के लिए 5 दिन का ट्रिप प्लान करते हैं तो 3 लोगों के लिए खर्च करीब 30 हजार रुपये तक आ सकता है. होम स्टे की जगह आप थ्री स्टार या फाइव स्टार होटल की तरफ मूव करते हैं तो स्टे का खर्च बढ़ सकता है. अगर आप अकेले मालदीव घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अकेले के हिसाब से 3-4 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब होम स्टे मिल सकता है.



### मालदीव में कहां घूमें?

मालदीव में घूमने के ठिकानों की बात करें तो माफुशी आइलैंड जरूर जाना चाहिए. यहां आप कयाकिंग, स्कूबा डाइविंग, स्नोकर्लिंग, नाइट फिशिंग का लुत्फ उठा सकते हैं. इसके अलावा रुकने के लिए वॉटर विला का रुख भी कर सकते हैं, जो आपके ट्रिप के रोमांच को और बढ़ा देगा.

दोनों टीमें पहली बार होंगी आमने-सामने, अब तक केवल इंटरनेशनल मैच में सामना

# टी-20 वर्ल्ड कप: वेस्टइंडीज और पापुआ न्यू गिनी का मुकाबला आज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा मुकाबला आज मेजबान वेस्टइंडीज और पापुआ न्यू गिनी की बीच खेला जाएगा। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज और पापुआ न्यू गिनी टी-20 में पहली बार आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें ग्रुप-सी में हैं। वेस्टइंडीज और पापुआ न्यू गिनी के बीच अब तक केवल एक इंटरनेशनल मैच खेला गया है। दोनों टीमें 2018 में वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफायर में भिंड़ी थी, तब वेस्टइंडीज को 6 विकेट से जीत मिली थी।

### टॉस का रोल

दोनों टीमें यहां टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करना चाहेंगी। यहां चेज करने वाली टीम ज्यादा सफल है। 13 में से 7 मैच चेज करने वाली टीम ने जीते।




**वेस्टइंडीज** – रोवमन पॉवेल (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, ब्रैंडन किंग, शाई होप, रोस्टन चेस, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, अकील हुसैन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ और गुडाकेश मोती।

**पापुआ न्यू गिनी** – असदुल्ला वाला (कप्तान), टोनी उरा, सेसे बाऊ, लेगा सियाका, चार्ल्स अमिनी, हिरी हिरी, किपलिंग डोरिगा, चाड सोपर, नॉर्मन

**वेस्टइंडीज:** पिछले 12 महीने में टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उन्होंने 15 मैचों में में 144.69 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए हैं। उनका यह दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप होगा। पिछले में उन्होंने 2 मैचों में 79 रन बनाए थे।
**निकोलस पूरन** – इस दौरान 13 मैच में 152.74 की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप के 8 मैचों में 121.90 की स्ट्राइक रेट से 128 रन बनाए हैं।
**रोमारियो शेफर्ड** – पिछले एक साल में टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 10 मैचों में 16 विकेट लिए हैं।
**पापुआ न्यू गिनी:** पिछले एक साल में 17 मैच में 150.72 की स्ट्राइक रेट से 416 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 4 अर्धशतक लगाए.
**असदुल्ला वाला** – इस दौरान 16 मैच में 120.17 की स्ट्राइक रेट से 405 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 2 अर्धशतक लगाए. जॉन कारिको पापुआ न्यू गिनी के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 16 मैचों में 25 विकेट झटके।

## वॉर्मअप मैच में इंडियन पेसर्स का पावरप्ले, पंत और हार्दिक फॉर्म में

183 का टारगेट चेज कर रहे बांग्लादेशी बल्लेबाज और पहला ओवर करने आए टीम इंडिया के अर्शदीप सिंह। चौथी गेंद पर अर्शदीप ने सौम्य सरकार को बाहर जाती गेंद पर पंत के हाथों कैच करवा दिया। अर्शदीप अपना दूसरा ओवर फेंकने आए और लिटन दास को पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इकलौते वॉर्मअप मैच में टीम इंडिया परफेक्ट कॉम्बिनेश की तलाश कर रही थी। अर्शदीप ने अपने प्रदर्शन से बड़ी दावेदारी पेश कर दी है कि उन्हें बुमराह के साथ तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी सौंपी जाए। इंडिया और बांग्लादेश का ये वॉर्मअप मैच न्यूयॉर्क के नसाउ क्रिकेट स्टेडियम में 1 जून को खेला गया। कप्तान रोहित ने टॉस जीता और बल्लेबाजी चुनी। 183 का टारगेट दिया और बांग्लादेश को 122 रन पर रोक दिया। एक्सीडेंट के चलते इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहे ऋषभ पंत 1 साल 5 महीने बाद नीली जर्सी में दिखे। रोहित ने उन्हें 3 नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा। ऋषभ ने 32 गेंदों पर 53 रन बनाए। 4 चौके और 4 सिक्स लगाए। 66 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों में पंत ने 126 के स्ट्राइक रेट से 987 रन बनाए हैं। उन्होंने 3 फिफ्टी लगाई हैं। इंडियन ऑलराउंडर हार्दिक ने 40 रन की पारी खेली। स्ट्राइक रेट 172 से ऊपर रहा। रोहित ने गेंदबाजी थमाई तो एक विकेट भी लिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने बांग्लादेश की टीम को पावर प्ले में ही 2 झटके दिए। उनके 3 ओवर में बांग्लादेशी बल्लेबाज महज 12 रन बना पाए।

हरियाणा के मुक्केबाज ने मोल्डोवा के वासिले सेबोटारी को 5-0 से दी मात

# ओलंपिक क्वालीफायर्स: टिकट पाने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज निशांत

**बैकॉक. एजेंसी**

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले निशांत देव ने खेले जा रहे मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स 2024 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही हरियाणा के इस मुक्केबाज ने 26 जुलाई से खेले जाने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों का टिकट भी हासिल कर लिया। निशांत देव पेरिस ओलंपिक में क्वालीफायर करने वाले भारत के पहले पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं। निशांत देव ने 71 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोल्डोवा के वासिले सेबोटारी को 5-0 से शिकस्त दी।

**महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो को मिली मात–** महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो ने निराश किया। अंकुशिता बोरो को विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी के क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्रेस एलेक्सियसन के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार से भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें समाप्त हो गई।



### एक पुरुष और 3 महिला मुक्केबाज

निशांत देव पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने वाले कुल चौथे भारतीय मुक्केबाज हैं। इसमें अन्य तीन महिला मुक्केबाज शामिल हैं। इसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) है।

फ्रेंच ओपन टेनिस: यूक्रेनी खिलाड़ी पर दूसरी जीत

# यास्त्रत्तेमस्का पर अजेय रिकॉर्ड, 20 वर्षीय कोको गॉफ चौथे दौर में पहुंची

**पेरिस. एजेंसी**

अमरीका की 20 वर्षीय कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। गॉफ ने तीसरे दौर में यूक्रेन की 30वीं सीड डायना यास्त्रत्त्मस्का को 6-2, 6-4 से मात दी। तीसरी वरीय गॉफ का यास्त्रत्त्मस्का के खिलाफ रिकॉर्ड 2-0 हो गया है। गॉफ की भिड़ंत इटली की एलिसबेता कोकियारेटो से होगी, जिन्होंने रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-6, 6-2 से मात दी। वहीं टॉप सीड पोलैंड की इगा स्विटेक ने चेक गणरज्य की खिलाड़ी मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से मात दी। वहीं एन श्रीराम की पहली जीत भारत के एन श्रीराम बालाजी अपने मैक्सिको के जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयसे-वारेला के साथ फ्रेंच



ओपन के पुरुष युगल मुकाबले में पहली जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत और मैक्सिको की जोड़ी ने अमरीका के रीस स्टेल्डर और नीदरलैंड के सेम वर्बीक पर 6-3, 6-4 से मात दी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

'जालिमा' गाने में बदला लुक, नहीं पहचान पाए फैंस

# मौनी रॉय ने फिर कराई प्लास्टिक सर्जरी!, हुई ट्रोल



अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में, अरबी गायक डिस्टिंक्ट के साथ अपने नए ट्रैक जालिमा की रिलीज के बाद ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। जहां इस गाने ने अपनी आकर्षक धुन और खूबसूरत सीन्स के लिए फैंस का ध्यान आकर्षित किया, वहीं वीडियो में मौनी की उपस्थिति ने सोशल मीडिया पर नकारात्मक टिप्पणियों की लहर पैदा कर दी। आइए जानते हैं कि मौनी के इस गाने को लोगों की कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। नेटिजंस ने मौनी के लुक के लिए उन्हें ट्रोल किया और म्यूजिक वीडियो में मोरक्कन डांस मूव्स के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उनके लुक ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों को भी हवा दी। जैसे ही जालिमा गाना रिलीज हुआ, यूजर्स ने उनके मोरक्कन डांस मूव्स की तुलना की और कहा कि मेकर्स इस गाने में अभिनेत्री नोरा फतेही या जेनिफर विंगेट को ले सकते थे। मौनी को उनके लुक के लिए ट्रोल भी किया गया और नेटिजंस ने उन्हें म्यूजिक वीडियो में 'नन' और 'प्लास्टिक' कहा। एक यूजर ने लिखा, मौनी से बेहतर नोरा को कास्ट करते हैं। जबकि एक अन्य ने कमेंट किया, कितनी बुरी लग रही है। एक यूजर ने लिखा, मौनी आंखों को क्या हो गया? क्या इन्होंने आंखों में भी प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। जालिमा गाने में अरबी टच है। इसे डिस्टिंक्ट और श्रेया घोषाल ने गाया है। इसे मबारेक नौली, इलियास मंसूरी, ब्रायन मुमवुडी और राणा सोता ने लिखा है। ट्रैक का संगीत रजत नागपाल, यासीन अलौई मदाघरी और जोआओ लीमा पिंटो ने तैयार किया है। यह गाना अंशुल गर्ग के प्ले डीएमएफ म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज किया गया था। वर्क फ्रंट की बात करें तो मौनी 2022 में ब्रह्मास्त्र भाग 1- शिवा में मुख्य विलेन की भूमिका निभाने के बाद सभी खबरों में थीं, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट थे। फैंस को यह फिल्म काफी पसंद आई थी।

# आमिर से अपनी पहली मुलाकात को किरण राव ने किया याद



'लापता लेडीज' की सफलता का आनंद ले रही निर्देशक किरण राव हाल में ही एक पॉडकास्ट पर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने अपने पूर्व पति आमिर खान के साथ हुई पहली मुलाकात को लेकर बात की है। किरण राव इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म च्लापता लेडीजज को लेकर चर्चा में हैं। इस सिलसिले में वह लगातार कई इंटरव्यू और पॉडकास्ट में हिस्सा ले रही हैं। इस फिल्म के निर्माण में उनके पूर्व पति आमिर खान ने भी उनका साथ दिया था। हाल में ही वह एक पॉडकास्ट पर पहुंची थीं, जहां उन्होंने अपने पूर्व पति आमिर खान से हुई पहली मुलाकात पर बात की है। आमिर खान और किरण राव के बीच तलाक के बाद भी बेहतर संबंध हैं। दोनों ने हाल में ही च्लापता लेडीजज का निर्माण किया है। किरण राव ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। आमिर और किरण ने साल 2005 में विवाह किया था। शादी के 16 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। हालांकि, इसके बाद भी दोनों ने एक-दूसरे के साथ सम्मानजनक रिश्ता बनाए रखा है। किरण ने हाल में ही एक पॉडकास्ट के दौरान बताया कि उनकी और आमिर की पहली मुलाकात फिल्म लगान के सेट पर हुई थी। किरण ने बताया कि उन्हें फिल्म निर्माता रीमा कागती का फोन आया था। उन्होंने किरण से पूछा कि क्या वह इस फिल्म में शामिल होना चाहेंगी? किरण उस वक्त नौकरी कर रही थीं और फिल्म की शूटिंग तीन महीने तक चलने वाली थी। उन्होंने तब तक बहुत ज्यादा हिंदी फिल्में भी नहीं देखी थीं लेकिन फिर भी वह इससे जुड़ने को तैयार हो गईं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के साथ आमिर एक बड़ा जोखिम ले रहे थे। फिल्म 100 वर्ष पहले के समय को दिखा रही थी और साथ ही यह अवधी भाषा में बन रही थी। उन्होंने कहा, च्मैं फिल्म में उन सभी के ड्रेस बनाने की जिम्मेदारी निभा रही थी, यह मेरे लिए एक बेहतरीन अनुभव था। यह एक तरह से मेरे लिए फिल्म स्कूल के जैसा था। किरण ने बताया कि जब वह स्वदेश कर रही थीं और आमिर च्मंगल पांडेज कर रहे थे, तब दोनों की फिर से मुलाकात हुई।

# नीना गुप्ता बोलीं- 47 डिग्री के तापमान में 'पंचायत 3' शूटिंग की, बाइक से गिरी

नीना गुप्ता ने बताया कि 'पंचायत 3' की शूटिंग करना बहुत मुश्किल था। बहुत धूम और गर्मी थी। हर दिन उन्हें ऐसा लगता था कि वे अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। वेब सीरीज 'पंचायत 3' खूब धमाल मचा रही है। एक बार फिर इसके सभी कलाकारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। सचिव जी से लेकर प्रधान और बनराकस तक सभी को उनकी अदाकारी के लिए सराहना मिल रही है। सीरीज में मंजू देवी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री नीना गुप्ता सीरीज की शूटिंग के दौरान हुई परेशानियों और चुनौतियों के बारे में बात करती नजर आईं। हाल ही में दिए साक्षात्कार में नीना ने बताया कि 45 से 47 डिग्री के तापमान में शूटिंग करना पड़ा और कैसे उन्हें एक सीन में सड़क पर बाइक से गिरना पड़ा था।

### चिलचिलाती धुप में की शूटिंग

नीना गुप्ता ने बताया कि पंचायत 3 की शूटिंग करना बहुत मुश्किल था। बहुत धूम और गर्मी थी। हर दिन उन्हें ऐसा लगता था कि वे अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा, च्हमें 45 से 47 डिग्री के तापमान में शूटिंग करनी थी। इस बार मुझे बाइक से गिरना पड़ा। सड़क पर कंकड़ और बजरी थी और ऊपर से धूप थी। यह हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण था, अभिनेताओं के लिए, तकनीशियनों के लिए। अभिनेता कम से कम अपने खाली समय में प्रशंसकों के साथ छाया में खड़े हो सकते थे। इसे शूट करना शारीरिक रूप से बहुत कठिन था और शायद इसीलिए लोग इसे पसंद कर रहे हैं, क्योंकि यह बहुत वास्तविक है, इसलिए लोग इससे जुड़ते हैं। मेहनत तो करनी चाहिए, यह मजेदार था।

### अपनी सफलता पर क्या बोलीं नीना

नीना ने कहा कि यह बहुत ही रोमांचक चरण है। मैं इस चरण के लिए हर दिन कम से कम दो-तीन बार भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं, मुझे पंचायत और अन्य काम मिले। इस समय मैं स्वास्थ्य का ख्याल रख रही हूं और उम्मीद कर रही हूं कि मुझे अच्छा काम मिले, क्योंकि केवल काम ही आपको जीवन में आगे बढ़ा सकता है। वहीं सीरीज के बारे में बात करें तो पंचायत का निर्देशन दीपक मिश्रा ने किया है। प्राइम वीडियो की सीरीज में जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, फैजल मलिक, चंदन रॉय और संविका भी हैं। पंचायत की कहानी अभिषेक त्रिपाठी यानी जितेंद्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक इंजीनियरिंग स्नातक है, जो बेहतर नौकरी के विकल्प की कमी के कारण उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक सुदूर गांव फुलेरा में एक पंचायत कार्यालय के सचिव का पद संभालता है। तीसरे सीजन के बाद और भी सीजन आने की उम्मीद है।



आज भी अपनी मां और पिता को याद करते हैं संजू बाबा

# संजय दत्त ने मां नरगिस के लिए लिखा भावनात्मक नोट, प्रशंसक हुए भावुक

दिग्गज अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां नरगिस दत्त के जन्मदिन पर बेहद भावुक करने वाला पोस्ट साझा किया है। अभिनेता ने पोस्ट में लिखा कि वह अपनी मां को बहुत याद करते हैं और चाहते हैं कि काश वह उनके पास होती। संजय अपने माता-पिता को याद करने और उनकी यादों को सोशल मीडिया पर साझा करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। इससे पता चलता है कि वह अपने माता-पिता को कितना प्रेम करते है। हर खास मौके पर वह कुछ यादें साझा करते हैं और बताते हैं कि उन्हें अपने मां-बाप की कितनी याद आती है। आज अपनी मां नरगिस दत्त के जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए भावुक करने वाला नोट लिखा। संजय दत्त ने अपनी और नरगिस दत्त की दो पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए एक नोट लिखा। पहली तस्वीर में संजय अपनी मां के साथ खड़े हैं। दोनों ही लोग मुस्कुरा रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में सिर्फ नरगिस दत्त हैं, उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान फैली हुई है। वह साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए संजय दत्त ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं मां, मैं आपको हर दिन याद करता हूं, हर मिनट, हर पल, काश आप मेरे साथ होती और वैसा जीवन जीती जैसा आप चाहती थीं। मैं आशा करता हूं कि मैंने आपको गौरवान्वित किया है, मैं आपसे प्यार करता हूं और आपको याद करता हूं मां।'



**पिता के लिए भी लिखा था भावनात्मक पोस्ट**

कुछ दिनों पहले ही उनके पिता सुनील दत्त की पुण्यतिथि थी। अभिनेता संजय दत्त ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उनके पिता दिवंगत सुनील दत्त की युवावस्था की एक तस्वीर है। दूसरी तस्वीर में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक दृश्य है, जिसमें अभिनेता अपने पिता को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपने पिता के लिए एक भावपूर्ण कैप्शन भी लिखा। संजय दत्त ने लिखा, 'आपकी यादों और प्यार को संभालकर रखूंगा, पापा। आप मेरे जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह हैं। आज और हर दिन आपकी याद आती है।'

# मिलन रेस्टोरेंट के टॉप फ्लोर पर कोचिंग क्लास में लगी भीषण आग



## दर्जन भर फायर ब्रिगेड ने तीन घंटे में आग पर किया काबू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर स्थित मिलन रेस्टोरेंट के टॉप फ्लोर में संचालित कोचिंग क्लास में शनिवार रात करीब दस बजे आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही भेल, फतेहगढ़ समेत कोलार समेत आसपास के फायर स्टेशनों से दमकलें पहुंच गई, लेकिन करीब चालीस फीट से अधिक ऊंचाई पर आग लगने के कारण फायर बिग्रेड द्वारा पानी डालने से आग काबू में नहीं आ रही थी। लिहाजा नगर निगम को हाईड्रोलिक फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ी। लगातार तीन फायर ब्रिगेड और हाईड्रालिक फायर ब्रिगेड की मदद से ढाई घंटे के बाद आग पर काबू किया गया। गनीमत रही कि आगजनी के समय कोचिंग बंद थी और कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार सहंशाह टावर में संतोष सोनी द्वारा मिलन रेस्टोरेंट का संचालन किया जाता है। ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर में उनका रेस्टोरेंट है, जबकि सेकंड फ्लोर पर गोदाम है। थर्ड फ्लोर उन्होंने कोचिंग क्लास के लिए किसी को किराए पर दे रखा है। अभी गर्मियों की छुट्टी होने के कारण कोचिंग क्लास बंद है। रेस्टोरेंट के कुछ कर्मचारियों ने टॉप फ्लोर पर बनी इस कोचिंग क्लास से धुंआ निकलते हुए देखा था। इसके बाद मालिक संतोष को घटना की जानकारी दी। वे पहुंचे तो आग भड़कने लगी थी। उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। करीब पंद्रह से बीस मिनट के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी।

**चार फायर ब्रिगेड और चालीस से ज्यादा टैंकर ने आग पर किया काबू:** नगर निगम के फायर अमले ने बताया कि आग करीब चालीस फीट की ऊंचाई पर लगी थी। कोचिंग क्लास में फर्नीचर और स्टेशनरी समेत प्लास्टि के सामान में आग लगने से आग ने विकराल रूप ले लिया था। आलम यह हो गए थे कि लगातार चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी का प्रेशर मारा जा रहा था, लेकिन आग नियंत्रण में नहीं आ रही थी।

**रात में लगा जाम:** ज्योति टॉकिज जैसे व्यवस्तम इलाके में आग लगने से तमाशबीन मौके पर पहुंच गए और जाम की स्थिति बनने लगी। आलग यह हो गएड़थे कि नगर निगम की टीम को काम करने में दिक्कत हो रही थी। लिहाजा पुलिस प्रशासन की मदद लेनी पड़ी। पुलिस ने चेतक ब्रिज और इस सुभाष फाटक समेत बोर्ड ऑफिस पर ट्रैफिक को रोक लिया। साथ ही मिलन रेस्टोरेंट के पास इकट्ठा हो रहे लोगों को हटाते हुए नगर निगम के आने वाले टैंकर को मौके तक पहुंचाया। रात पर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास काबू पा लिया गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग बंद कोचिंग में शार्ट सर्किट से लगी है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

### आकाशवाणी चौराहा श्यामला हिल्स में हुआ हादसा, सफेद रंग की कार की तलाश

# बुलेट पर बैठे युवकों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित आकाशवाणी चौराहा पर कल शनिवार रात तेज रफ्तार कार ने बुलट बाइक पर बैठे युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को गंभीर चोट होने के कारण इसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात सफेद रंग की कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।





पुलिस के अनुसार रिहान कुरैशी पिता अन्नू कुरैशी (24) जोगीपुरा बुधवारा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। कल शनिवार रात वह अपने दोस्त समीर अहमद के साथ बुलट बाइक से श्यामला हिल्स किसी काम से आया था। दोनों दोस्त आकाशवाणी चौराहा पर बुलट बाइक पर बैठे हुए थे वे रुककर किसी से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे, तभी सीएम हाउस की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर बैठे दोनों युवक सड़क पर गिर गए थे। उन्हें गंभीर रूप से घायल होने के बाद निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने रिहान को मृत घोषित कर दिया।

#### टक्कर मारने के बाद कार फरार

पुलिस ने बताया कि हादसा रात करीब साढ़ 8 बजे के आसपास हुआ था। कार ने टक्कर मारी और बिना रुके मौके से भाग निकली। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर टक्कर मारने वाली कार सफेद रंग की मारुति कंपनी की डिजायर नजर आई है। फुटेज में कार का नंबर नहीं आया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 साल के बुजुर्ग की मौत

इधर, अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित रुचि कलारी, शुभ अस्पताल के पास बीती 29 मई की दोपहर अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुजुर्ग को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान कल शनिवार दोपहर बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 70 साल के केदार सिंह सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहते थे। गत 29 मई की दोपहर उन्हें शुभ अस्पताल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में उनकी मौत हो गई।

## शातिर वाहन चोरों से 12 लाख के आठ दोपहिया वाहन बरामद



### मास्टर चाबी से चोरी करते थे बाइक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनसे 8 दो पहिया वाहन जब्त किए है। जब्त वाहनों की कीमत 12 लाख रुपए है। आरोपी मास्टर चाबी से दो पहिया वाहनों के लॉक खोलकर चुराते थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि उन्होंने अब तक कितने वाहन चोरी किए है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात कोहेफिजा थाने की पुलिस विजय नगर लालघाटी चौराहे के वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी बीच यामाहा एफजेड बाइक से दो युवक पहुंचे। पुलिस ने बाइक ने गा?ी के पेपर मांग तो वह नहीं दिखा नहीं सके। वीडीपी पोर्टल पर एफजेड का नंबर सर्च किया तो पता चला कि उक्त बाइक किसी और के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि एक महीने पहले उक्त वाहन इंद्रविहार कालोनी से चोरी किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राकेश सिंह चौहान (31) निवासी एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा और कमलेश वंशकार (25) निवासी लाऊखेड़ी गांधी नगर बताए। पुलिस दोनों आरोपियों की निशानदेही पर यामाहा एफजेड के अलावा 2 टीवीएस अपाचे, बजाज पल्सर, टीवीएस रेडियेटर, बजाज सीटी 100, टीवीएस अपाचे और बुलेट बाइक बरामद हुई है। जब्त हुए वाहनों की कीमत पुलिस ने 12 लाख रुपए बताई है।

## मनचले के खिलाफ पुलिस ने किया छेड़छाड़ का केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बजरिया पुलिस ने स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर मनचले युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय किशोरी बारहवीं कक्षा में पड़ती है। मोहल्ले में रहने वाला नीरज यादव कई महीनों से छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। काफी समझाईश के बाद भी जब नीरज की हरकतें बंद नहीं हुई तो उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे, जहां उसने नीरज के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## चाकूबाजी के मामले में फरार तीन आरोपी बैतूल से गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन पुलिस ने चाकूबाजी के मामले में फरार तीन बदमाशों को बैतूल गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों को बैतूल से और एक आरोपी को अशोका गार्डन से पकड़ा गया है। तीनों आरोपियों में एक बैतूल का निगरानी बदमाश बताया गया है. पुलिस के मुताबिक दो सप्ताह पहले अशोका गार्डन में चाकूबाजी की घटना हुई थी, जिसके आरोपी फरार चल रहे थे। इलाके में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरा चैक करने के बाद एक संदिग्ध बाइक का नंबर पता चला था। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने मालिक से पूछताछ की तो पता चला कि उसने उक्त बाइक बैतूल निवासी गितेश हारोडे को बेच दी है। पुलिस बैतूल पहुंची तो गितेश ने बताया कि बाइक का उपयोग उसका भाई दीपेंद्र करता है। गितेश ने यह भी जानकारी दी तो दीपेंद्र के दोस्त निहाल और कृष्णा बैतूल में ही रहते हैं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर दीपेंद्र के बारे में पूछताछ की तो बताया कि दीपेंद्र अशोका गार्डन में ही रहता है। पुलिस दोनों को लेकर भोपाल लौटी और दीपेंद्र की तलाश की। दशहरा मैदान के पास दीपेंद्र मिला तो उसे भी पकड़ लिया गया। तीनों आरोपियों ने करीब दो सप्ताह पहले शराब दुकान के पास एक युवक चाकू से प्राणघातक हमला किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** नहीं थम रही ट्रेनों में चोरी, पुरानी चोरियों का भी अब तक नहीं लगा सुराग

# युवती का पर्स उठाकर चलती ट्रेन से कूदकर भागा बदमाश, केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा स्थित डी-केबिन के पास जैसे ही ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई, वैसे ही एक बदमाश युवती का पर्स उठाकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। अन्य यात्रियों का सामान भी चोरी हुआ है। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी अनुसार शुक्रवार को भूमिका चटर्जी त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में इंदौर से नागपुर की यात्रा कर रही थी। वह अपनी बर्थ पर लेटी हुई थी। ट्रेन जब डी-केबिन निशातपुरा पहुंची, तभी एक व्यक्ति उनके बगल में रखा पर्स उठाकर भागने लगा। भूमिका ने उसका पीछा किया तो वह चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। पर्स के अंदर दो मोबाइल फोन कीमती 56 हजार रुपए, नकदी तीन सौ रुपए, ड्रायविंग लायसेंस, पैनकार्ड, डेबिड कार्ड समेत अन्य सामान रखा हुआ था। इधर, रायसेन निवासी रवि अधिकारी नांदेड़ एक्सप्रेस में भोपाल से घोड़ा डोंगरी की यात्रा कर रहे थे। उन्हें इटारसी से ट्रेन बदलनी थी. भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद देखा तो पैंट की जेब में रखा उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। गेट पर खड़े युवक का मोबाइल चोरी बैतूल निवासी सागर ठाकरे गोरखपुर एक्सप्रेस में बैतूल से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन आने पर उन्होंने अपना मोबाइल पैंट की जेब में रखा और सामान लेकर उतरने के लिए गेट पर आकर खड़े हो गए। उस वक्त ट्रेन में काफी भीड़भाड़ थी। भोपाल स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद देखा तो जेब में रखा मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 21 हजार रुपए बताई गई है। बर्थ पर रखा महिला का मोबाइल चोरी भोपाल निवासी अमित चौरे की पत्नी मीनाक्षी अपने बच्चों के साथ अहमदाबाद एक्सप्रेस में भुसवाल से भोपाल की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल बर्थ पर रखा था। ट्रेन जब बुधनी के पास से निकल रही थी, तभी किसी ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत सात हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार औरंगाबाद निवासी अभिजीत सुभाष गोरखपुर एक्सप्रेस से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन आए थे। वह एसी वैटिंग रूम में बैठे थे। इसी बीच उनकी बेटी का हैंडबैग चोरी हो गया। बैग में 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल, एक हजार रुपये नकदी समेत कुल 18 हजार का सामान रखा था।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022